RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-168 जयपुर, शनिवार, 20 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

# संसद का शीतकालीन सत्र संपन्न, 8 बिल पास

## राज्यसभा की 121 और लोकसभा की 111 फीसदी उत्पादकता रही

### कांग्रेस का आरोप- शुरुआत टैगोर के और अंत महात्मा गांधी के अपमान से हुआ

नई दिल्ली



संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को खत्म हुआ। 1 दिसंबर से शुरू हुआ सत्र 19 दिसंबर तक चला। केंद्र सरकार ने 14 बिल लाने की बात कही थी। विपक्ष का आरोप है कि 12 बिल ही पेश किए गए। दोनों सदनों से 8 बिल पास किए गए। 2 बिल कमेटी को भेजे गए। सरकार ने कुछ बिल पेश ही नहीं किए।

लोकसभा शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई, जिससे संसद के 19 दिन लंबे शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। इस सत्र में कई अहम बिल पास हुए, जिनमें 20 साल पुराने मनरेगा को खत्म करने वाला विधेयक विकसित भारत जी राम जी और सिविल न्यूक्लियर सेक्टर को निजी भागीदारी के लिए खोलने वाला विधेयक भी शामिल है।

शुक्रवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, स्पीकर ओम बिरला ने अपना विदाई भाषण पढ़ा, जिसमें उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही और सदस्य अहम कानूनों पर चर्चा करने के लिए देर रात तक बैठे रहे। इसके बाद उन्होंने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया, जिससे 1 दिसंबर को शुरू हुए इस छोटे सत्र का समापन हो गया।

जब बिरला अपना विदाई बयान पढ़ रहे थे, तो कुछ सदस्यों को 'महात्मा गांधी की जय' के नारे लगाते सुना गया। जब कार्यवाही स्थगित की गई, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सदन में मौजूद रहे। शीतकालीन सत्र की 15 बैठकों के दौरान, सदन में दो राजनीतिक रूप से गरमागरम बहसें हुईं, जिनमें वंदे मातरम के 150 साल और चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने आरोप लगाया- सत्र की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर के अपमान से हुई और अंत महात्मा गांधी के अपमान के साथ हुआ। पीएम मोदी की रणनीति साफ थी, जो आधुनिक भारत बनाने वाले तीन लोगों (टैगोर, महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू) का अपमान करना था।

रमेश ने कहा- वंदे मातरम् पर बहस सरकार की नेहरू को बदनाम करने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने पर थी। 1937 में टैगोर की सिफारिश पर ही CWC ने फैसला किया था कि वंदे मातरम् के पहले दो छंदों को राष्ट्रगान के रूप में गाया जाएगा। MGNREGA की जगह G RAM G बिल लाना महात्मा गांधी का अपमान है।

संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चला।

इस दौरान राज्यसभा की प्रोडक्टिविटी 121% और लोकसभा की 111% रही।

राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने समापन भाषण में कहा- सत्र में जीरो आवर नोटिस (जरूरी मुद्दे सदन में उठाने की परमिशन मांगने का तरीका) की संख्या अब तक की सबसे ज्यादा रही। हर दिन औसतन 84 नोटिस आए, जो पिछले सत्रों से 31% ज्यादा हैं।

### सत्र के समापन पर स्पीकर बिरला ने बुलाई बैठक

*लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने कक्ष में सांसदों को चाय पर आमंत्रित किया। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, सपा सांसद धर्मेंद्र यादव समेत विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। संसद सत्र के समापन पर लोकसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों के साथ बैठक करते हैं। मानसून सत्र के समापन पर भी ऐसी बैठक हुई थी, लेकिन विपक्ष ने उस बैठक का बहिष्कार किया था। इस बार की बैठक में प्रियंका गांधी शामिल हुईं। खास बात ये रही कि वायनाड से पहली बार की सांसद प्रियंका गांधी को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बगल वाली सीट दी गई। वहीं रक्षा मंत्री के पास वाली सीट पर प्रधानमंत्री मोदी बैठे दिखाई दिए।*

# भारत ने लगातार 8वीं टी-20 सीरीज जीती



## साउथ अफ्रीका को 5वें मैच में 30 रन से हराया

### तिलक-पंड्या की फिफ्टी, चक्रवर्ती को 4 विकेट

अहमदाबाद

भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज 3-1 से जीत ली है। टीम ने शुक्रवार को खेले गए 5वें मैच में अफ्रीका को 30 रन से हराया। टीम इंडिया ने लगातार 8वीं सीरीज जीती है। अहमदाबाद में 232 रन का टारगेट चेज रही साउथ अफ्रीका 20 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह ने 2 विकेट लिए। क्विंटन डी कॉक ने 35 बॉल पर 65 रन बनाए। इससे पहले भारतीय टीम ने तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या के अर्धशतकों के सहारे 20 ओवर में 5 विकेट पर 231 रन का स्कोर बनाया। तिलक ने 42 बॉल पर 73 रन बनाए, जबकि पंड्या ने 25 बॉल पर 63 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 34 रन बनाए।

# राजसमंद में आयुक्त और सभापति पर फेंकी स्याही, लोगों ने युवक को पीटा



**राजसमंद।** राजसमंद शहर की 50 फीट सड़क का नाम बदले जाने का विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को इस मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया, जब नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश राय और नगर परिषद सभापति अशोक टांक पर एक युवक ने स्याही छिड़क दी।

घटना दोपहर करीब साढ़े 3 बजे की है, जब नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश राय और कांग्रेस से चुने गए सभापति अशोक टांक व परिषद के कर्मचारी शहर के बाल कृष्ण स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

नगर परिषद ने करीब 20 वर्ष पहले शहर की 50 फीट सड़क मार्ग का शिलान्यास करवाकर इसका नाम महाराणा राजसिंह मार्ग रखा था। लेकिन 30 नवंबर को दोबारा शिलान्यास कर इसी सड़क का नाम बदलकर आचार्य महाश्रमण अहिंसा मार्ग कर दिया गया। इसके बाद से ही लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है।

# बांग्लादेश हिंसा-बॉर्डर तक कट्टरपंथियों का मार्च

### हिंदू युवक की पीटकर हत्या, पेड़ पर लटकाकर जलाया

ढाका



बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी का शव शुक्रवार शाम सिंगापुर से ढाका पहुंचा। इस बीच ढाका में आंदोलनकारी फिर हिंसक हो गए और उदिची संस्था के कार्यालय को जला दिया। ये संस्था कट्टरपंथियों के विरोध में काम करती है। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, हत्यारों को ट्रांसपोर्टेशन में सपोर्ट करने वाले आरोपियों ने अदालत में हत्या के मुख्य आरोपी फैसल करीम के भारत भागने का दावा किया है।

इधर भारतीय सेना भी एक्टिव हो गई है और बांग्लादेश के हालात पर नजर बनाए हुए है। ईस्टर्न कमांड प्रमुख ले. जनरल आरसी तिवारी ने गुरुवार शाम भारत-बांग्लादेश सीमा का दौरा किया है।

इससे पहले उस्मान हादी की गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। इसके बाद बांग्लादेश में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान आंदोलनकारियों ने ढाका में 2 प्रमुख मीडिया हाउस, आवामी लीग के कार्यालय को फूंक दिया।

ढाका के नजदीक भालुका में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, युवक के शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी।

मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार रात भालुका में हुई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें लोग 'अल्लाह-हू-अकबर' के नारे लगाते दिख रहे हैं।

### ढाका में उदिची कार्यालय में आगजनी

ढाका की टोपखाना रोड पर स्थित उदिची शिल्पी गोष्ठी के कार्यालय में शुक्रवार शाम आगजनी की गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शाम करीब 7 बजे कुछ लोग जबरन कार्यालय में घुस आए, तोड़फोड़ की और फिर आग लगा दी। आग लगते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

# रायपुर-मुंबई समेत जयकॉर्प के 30 ठिकानों पर ईडी का छापा

### 2,434 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग केस में तलाशी

रायपुर

जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक आनंद जयकुमार जैन से जुड़े 2 हजार 434 करोड़ की धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने देशभर में छापेमारी की है। इनमें रायपुर, मुंबई, नासिक और बेंगलुरु समेत 30 से अधिक ठिकाने शामिल हैं। जांच एजेंसी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की तलाशी ले रही है। एजेंसी को शक है कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर जुटाया गया पैसा विदेशी कंपनियों को ट्रांसफर किया गया था। एजेंसी संदिग्ध ट्रांजेक्शन, ऑफशोर अकाउंट्स और शेल कंपनियों की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है। कई कंपनियों और बड़े कारोबारी समूह भी जांच के दायरे में आ सकते हैं।

CBI ने आनंद जयकुमार जैन, उनकी कंपनी जय कॉर्प लिमिटेड, कारोबारी पराग शांतिलाल पारेख और कई अन्य कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आनंद जैन मशहूर गेमिंग कंपनी ड्रीम11 के को-फाउंडर हर्ष जैन के पिता हैं, जिससे यह मामला और भी हाई-प्रोफाइल हो गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट के निर्देश पर CBI ने इस केस में एफआईआर दर्ज की। जांच के लिए एसआईटी का गठन किया। पहले मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को दिसंबर 2021 और अप्रैल 2023 में इस मामले से जुड़ी शिकायतें मिली थीं।

## पंजाब नेशनल बैंक की भुसावर शाखा में एसीबी की कार्रवाई

# एग्रीकल्चर मैनेजर 1.50 लाख रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार

भुसावर



भरतपुर एसीबी की टीम ने भुसावर कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बैंक के एग्रीकल्चर मैनेजर भगवत सैनी को 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एडिशनल एसपी अमित सिंह ने बताया - परिवादी द्वारा भरतपुर एसीबी से सम्पर्क किया कि फूड प्रोसेसिंग यूनिट जो एमएसएमई से संबंधित एक सरकारी योजना में दस लाख के लोन के लिए पंजाब नेशनल बैंक में फाईल लगाई है। जिस पर बैंक का एग्रीकल्चर मैनेजर लोन पास करने की एवज में 1.50 लाख रूपए की रिश्वत की मांग कर रहा है। जिस पर सत्यापन करवाया गया।

सत्यापन के बाद शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 को ट्रेप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जहां आरोपी पीएनबी भुसावर शाखा के एग्रीकल्चर मैनेजर भगवत प्रसाद सैनी व उसके रिश्तेदार सोमेन्द्र कुमार सैनी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों पीएनबी बैंक भुसावर के बाहर रोड से परिवादी से 1,50,000/- रूपए (20,000 रूपए भारतीय चलन मुद्रा व 1,30,000 रूपए डमी करेन्सी) रिश्वत ले रहे थे।

# राजस्थान बोर्ड की 10वीं-12वीं परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 10वीं की परीक्षा 12 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगी, जो कुल 17 दिन चलेगी। वहीं, 12वीं की परीक्षा 12 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक होगी, जो 28 दिन तक चलेगी।

बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस परीक्षा के दौरान करीब 6 दिन की छुट्?टी रहेगी, जिनमें चार रविवार और दो छुट्?टी होली और धुलंडी की होगी।

उन्होंने बताया कि 19 लाख 86 हजार 422 स्टूडेंट्स परीक्षा देंगे। दसवीं में 10 लाख 68 हजार 610 स्टूडेंट्स हैं, 12वीं के 90 हजार 572 स्टूडेंट्स, वरिष्ठ उपाध्याय के 4123 और प्रवेशिका के 7817 स्टूडेंट्स हैं। 6193 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

सचिव गजेंद्र सिंह ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। एग्जाम पेपर पुलिस थानों और चौकियों में रखे जाएंगे।

# नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं, बल्कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा, 'नागरिक की आजादी राज्य की देन नहीं, बल्कि उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। पासपोर्ट रिन्यू करते समय पासपोर्ट अथॉरिटी किसी व्यक्ति की भविष्य की यात्रा का शेड्यूल या वीजा की जानकारी नहीं मांग सकती।'

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस ए.जी. मसीह की बेंच ने कहा- पासपोर्ट अधिकारी का काम सिर्फ यह देखना है कि आपराधिक मामला पेडिंग होने के बावजूद संबंधित अदालत ने यात्रा की संभावना खुली रखी है या नहीं। अगर अदालत ने पासपोर्ट रिन्यू कराने की परमिशन दी है, तो पासपोर्ट जारी किया जाना चाहिए।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने कोयला घोटाले से जुड़े मामले में महेश कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई हुई। महेश के पासपोर्ट साल 2023 में एक्सपायर हो चुका है। रांची की एनआईए कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट ने उनके पासपोर्ट रिन्यू कराने पर कोई आपत्ति नहीं जताई थी। शर्त यह थी कि विदेश जाने से पहले महेश की कोर्ट की परमिशन लेनी होगी। इसके बावजूद अधिकारी महेश का पासपोर्ट रिन्यू नहीं कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर विदेश यात्रा के लिए कोर्ट की अनुमति ली जा सकती है, लेकिन पासपोर्ट रिन्यू रोका नहीं जा सकता है।

# वकीलों ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

### स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर भड़के, जयपुर रोड को जाम किया

अजमेर



अजमेर में जयपुर रोड पर जिला न्यायालय के बाहर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर वकीलों ने सड़क को दोनों तरफ से जाम कर दिया। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस का पुलिस बल और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। मामले को सुलझाने के लिए पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी को बातचीत के लिए बुलाया गया।

बातचीत के दौरान कई एडवोकेट आक्रोशित हो गए। इस दौरान, अधिवक्ताओं ने पुलिस की मौजूदगी में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पुलिस ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी को अधिवक्ताओं के बीच से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कोर्ट के बाहर अधिवक्ताओं की ओर से रास्ता जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था।

पीडब्ल्यूडी अधिकारी से मारपीट की सूचना मिलने के बाद एडिशनल एसपी सिटी हिमांशु जांगिड़ और प्रशिक्षु आईपीएस अजय सिंह मौके पर पहुंच गए। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से चर्चा की गई। अधिकारियों के आश्वासन के बाद करीब ढाई घंटे बाद कोर्ट के बाहर जाम खोल दिया गया।

अजमेर जिला बार एसोसिएशन के सचिव रूपेंद्र परिहार ने बताया कि जिला न्यायालय का एक नया भवन बनकर तैयार हो गया है और कोर्ट में नियमित रूप से कार्य भी शुरू हो चुका है। हालांकि, अधिवक्ताओं के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें पुराने भवन से नए भवन की ओर रोजाना जाना पड़ता है।

परिहार ने बताया कि हजारों की संख्या में पीड़ित भी कोर्ट पहुंचते हैं और नए भवन तक जाने के लिए उन्हें रोड क्रॉस करना पड़ता है। हाईवे होने के कारण कई वकीलों और पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व में भी कई वकील और पक्षकार रोड क्रॉस करते वक्त घायल हो गए और कई टक्कर भी हो चुकी हैं। आज भी एक वकील के ऊपर गाड़ी चढ़ गई। इसके विरोध में अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने नए कोर्ट भवन के बाहर दोनों तरफ से रास्ते को जाम कर विरोध किया गया।

## आरजेएस परिणाम में महिलाओं का दबदबा

# मधुलिका यादव ने किया आजेएस टॉप

### 44 पदों में से 28 महिला जज बनी

जोधपुर



राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा 2025 का रिजल्ट जारी हो गया है। कुल 44 पदों पर रिजल्ट जारी किया गया है। इस बार भी नतीजों में महिलाओं का दबदबा देखने को मिला है। कुल 28 महिला जज बनी हैं।

मेरिट लिस्ट के टॉप फाइव स्थानों पर सिर्फ महिलाओं ने जगह बनाई, जबकि टॉप-10 में सिर्फ एक पुरुष है।

हाईकोर्ट प्रशासन द्वारा अधिसूचना के अनुसार मधुलिका यादव ने 205.5 अंक हासिल कर पूरे प्रदेश में टॉप किया है। वहीं प्रज्ञा गांधी 204 अंकों के साथ दूसरे और अंबिका राठौड़ 196 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। टॉपर मधुलिका यादव ने कहा कि मैं पहले अटेम्प्ट में प्री भी क्लियर नहीं कर पाई थी, लेकिन दूसरे प्रयास में टॉप किया।

मधुलिका यादव ने बताया कि राजस्थान ज्यूडिशियल सर्विस में यह मेरा दूसरा अटेम्प्ट था। पहले प्रयास में प्री भी क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। दूसरे अटेम्प्ट में टॉपर बन गई। उन्होंने बताया कि पिता चंद्रशेखर उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में जज रहे हैं। ऐसे में न्यायिक सेवा में आने की प्रेरणा मुझे पिता से मिली। मधुलिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया।

सिविल जज भर्ती प्रक्रिया के तहत मुख्य परीक्षा में सफल हुए 136 अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लिए थे। इन सभी के मार्क्स की कंपोजिट लिस्ट जारी करने के साथ फाइनल मेरिट लिस्ट (44 चयनित अभ्यर्थी) जारी कर दी गई है। बता दें कि इस साल फरवरी के अंतिम सप्ताह में न्यायिक सेवा में सिविल जज के 44 खाली पदों को भरने के लिए अधिसूचना निकाली थी। इसके बाद 27 जुलाई को प्रारंभिक चरण की परीक्षा हुई थी, जिसका परिणाम अगस्त के तीसरे सप्ताह में घोषित किया था। योग्य अभ्यर्थियों के लिए मुख्य लिखित परीक्षा का आयोजन 11 और 12 अक्टूबर को राज्य के दो प्रमुख केंद्रों जोधपुर व जयपुर में करवाया था।





# रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने में मदद करते हैं नींबू के पत्ते

**नींबू के पत्ते विटामिन सी से भरपूर होते हैं। नींबू के पौधे में पाया जाने वाला विटामिन पी आपके शरीर में रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने में भी मदद करता है। साथ ही नींबू के पत्तों को एंटी-इंफ्लेमेंटरी प्रभाव के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में नींबू की पत्तियों का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।**

नींबू के फायदे तो आपने बहुत सुना होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं इसकी पत्तियां भी किसी औषधी से कम नहीं होती है। नींबू के पत्ते का उपयोग आप कई तरह की बीमारियों से बचाव के लिए और इसे कंट्रोल करने के लिए कर सकते हैं। पर कई लोगों को ऐसा लगता है कि नींबू के पत्ते कड़वा होता है और किसी काम का नहीं होता। लेकिन आप जानकर हैरान होंगे कि इन पत्तों को खाने या इनके जूस ही इन्हें केवल सूंघ लेने से भी कई तरह के फायदे होत हैं।

## नींबू के पत्तों का सेवन कैसे करें?

नीबू सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है लेकिन इसे चबाकर खाने से बचना चाहिए। इसका सेवन आप चाय में मिलाकर, जूस के रूप में कर सकते हैं।

नींबू के पत्तों म एंटीवायरल, एंटी ऑक्सीडेंट, एल्कलॉइड, टैनिन, फ्लेवोनोइड और फेनोलिक तत्व शामिल होते हैं। साथ ही इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। इसके अलाव इसमें एंथेल्मिंटिक, एंटी-फ्लैटुलेंस, एंटीमाइक्रोबियल, एंटी-कैंसर, एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव भी पाया जाता है।

## किडनी में नहीं बनने देता स्टोन

एनसीबीआई में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, नीबू के पत्ते में पाया जाने वाला सिट्रिक एसिड किडनी में स्टोन को बनने और बढ़ने से रोकता है। ऐसे यदि आपको बार-बार किडनी में स्टोन हो जाता है तो यह आपके लिए यह किसी रामबाण से कम नहीं है।

## माइग्रेन के दर्द से मिलेगी राहत

एक अध्ययन के अनुसार, नींबू के पत्ते माइग्रेन से पीड़ित लोगों के लिए फायदेमंद होता है। दरअसल, नीबू की पत्तियों में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाया जाता है। माना जाता है कि एंटी-ऑक्सीडेंट प्रभाव शरीर के ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करके माइग्रेन की समस्या को सुधारने का काम करता है। एक्सपर्ट माइग्रेन और मानसिक रोगों से राहत पाने के लिए नींबू के पत्तों को सूंघने की सलाह देते हैं।

## सोने की समस्या को करता है खत्म

रिसर्च के अनुसार, यदि आपको रात में नींद नहीं आती है, अनिद्रा की समस्या का शिकार हैं, तो नींबू के पत्ते आपके लिए दवा का काम कर सकते हैं। इसमें मौजूद सिट्रिक एसिड और अल्कलॉइड नींद से जुड़ी समस्या को दूर करने का काम करता है। ऐसे में नींबू के पत्तियों से बनाए गए तेल आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

## वजन रहता है कंट्रोल

यदि आप बढ़ते वजन से परेशान हैं तो नींबू के पत्ते आपकी इस परेशानी को खत्म कर सकता हैं। माना जाता है कि नींबू के पत्ते से बने जूस में पेक्टिन नामक घुलनशील फाइबर होता है, जो वजन घटाने में कारगर साबित हो सकता है। नीबू के पत्तों को पानी में उबालकर उस पानी को पीएं।

## पेट के कीड़ों को मारता है

मेडिकल रिसर्च के मुताबिक, नींबू की पत्तियों में एंथेल्मिंटिक गुण होता है तो पेट के कीड़ों से छुटकारा दिलाने का काम करता है। ऐसे में नींबू की पत्तियों का उपयोग पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए किया जा सकता है। आप नींबू के पत्तों का रस और शहद को मिलाकर सेवन कर सकते हैं।



# घर पर ही करें ये एक्सरसाइज

**मोटापा ना सिर्फ वॉडी शेप बिगाड़ता है बल्कि कई बीमारियां को भी न्योता देता है। मोटापे को कम करने और बॉडी को टोंड बनाने के लिए एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है। इससे वजन तो कम होता ही है साथ में शरीर में लचीलापन और एनर्जी बढ़ती है। अगर आप जिम नहीं भी जा पाती तो घर पर ही कुछ एक्सरसाइज करें। चलिए आज हम आपको ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं जिन्हें आप घर पर आसानी से कर भी सकते हैं और इससे कैलोरी भी बर्न तेजी से बर्न होगी। वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज -**

## बर्पी एक्सरसाइज

बर्पी एक्सरासइज वजन कम करने के लिए बहुत असरदार है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, इस एक्सरसाइज के जरिए 81 किलो का इंसान एक बार में लगभग 15 कैलोरी बर्न कर सकता है। वहीं, 60 सेकेंड में 10 बार बर्पी करने से वजन तेजी से कम होगा लेकिन एक्सरसाइज को लगातार रुटीन में किया जाए तो।

## स्विमिंग एक्सरसाइज

घुटने की किसी चोट की वजह से अगर आप एक्सरसाइज नही कर पा रहे तो स्विमिंग करना आपके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है। इससे एक बार में 255 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। इसके साथ बटरफ्लाई स्ट्रोक कर के 1/2 घंटे में 400 कैलोरी बर्न हो सकती है। दरअसल स्विमिंग करते समय पूरा शरीर काम करता है जिससे मोटापा तेजी से कम होता है। इसे सबसे अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज माना जाता है।

## स्क्वेट एक्सरसाइज

स्क्वाट की मदद से भी आप मोटापे को कम कर सकते हैं। सही तरीके से स्क्वेट करना काफी फायदेमंद होता है। शरीर के निचले भाग से वजन कम करने के लिए यह सबसे अच्छी एक्सरसाइज में से एक है। यह बॉडीबिल्डर और एथलीट के बीच काफी पॉपुलर है।

## हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग एक ऐसी एक्सरसाइज है जिससे आप कम समय में ज्यादा वजन कम कर सकते हैं। इससे शरीर की फैट बर्न करने की क्षमता बढ़ जाती है। कई घंटों जिम में पसीना बहाने से अच्छा यह एक्सरसाइज 20 मिनट के लिए करना ज्यादा फायदेमंद है।

## जुंबा डांस एक्सरसाइज

अगर आप ज्यादा भार वाली एक्सरसाइज नही करना चाहते तो जुंबा डांस सबसे बेहतर है। यह आपकी पूरी बॉडी पर वर्क करती है। एंजॉय करने के साथ इससे आप वजन भी कम कर सकते हैं। यह तनाव कम करता है और शरीर में एनर्जी बढ़ाता है। हाई इंटेसिटी मूवमेंट की वजह से वजन जल्दी कम होता है।

## पावर योगा

पावर योगा काफी असरदार है। यह ट्रेडिशनल योगा के मुकाबले जल्दी वजन कम करने में मदद करता है। इसमें ज्यादा मुश्किल योगासन होते हैं जो जल्दी-जल्दी किए जाते हैं इसलिए यह बेस्ट है।

## साइकिलिंग

साइकिलिंग भी वजन कम करने का आसान और अच्छा ऑप्शन है। इससे आप काफी कैलीरी बर्न कर सकते हैं। रोजाना सुबह कम से कम लगातार आधा घंटा साइकिलिंग जरूर करें, आप पहले पहल 15 मिनट से शुरुआत कर सकते हैं।





# नींद की कमी से होता है थायराइड

**अगर आप ये सोचती हैं कि आप अपने बारे में सब कुछ जानती हैं तो ऐसा नहीं है। शरीर और सेहत से जुड़ी ऐसी बहुत-सी बातें हैं, जो ज्यादातर महिलाओं को पता ही नहीं होती और आज हम आपको उसी के बारे में बताएंगे। इसे पढ़ने के बाद आपको अंदाजा होगा कि कितना कुछ था जो आप अपने बारे में नहीं जानती हैं। तो चलिए आपको बताते हैं वो बातें, जिसे जानना हर महिला के लिए जरूरी है।**

## ज्यादा कसरत से होते हैं पीरियड्स अनियमित

महिलाएं वजन कंट्रोल करने के लिए हद से ज्यादा व्यायाम करने लगती हैं लेकिन ज्यादा कसरत करने से पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप नियमित मात्रा में एक्सरसाइज करें। साथ ही कसरत के बाद शरीर में हुई पानी की कमी को दूर करने के लिए दूध का सेवन करें।

## ब्रेस्ट साइज में बदलाव

माहवारी के दौरान शरीर के हॉर्मोन लेवल में उतार-चढ़ाव आते हैं, जिसका असर ब्रेस्ट साइज पर भी पड़ता है। साथ ही गर्भधारण व मेनोपॉज के दौरान भी ब्रेस्ट और निपल्स के साइज का बदलना स्वाभाविक है।

## व्हाइट डिस्चार्ज की समस्या

पीरियड्स के बाद होने वाले डिस्चार्ज को लेकर परेशान न हों। इसके अलावा नार्मली होने वाला डिस्चार्ज भी अगर सफेद और साफ है तो आपको टेंशन लेने की कोई जरूरत नहीं है। मगर डिस्चार्ज का रंग हल्का पीला होने या उसमें से बदबू आने पर आपको तुरंत चेकअप करवाना चाहिए।

## कम नींद से थायरॉइड

यह तो सभी जानते हैं कि भरपूर नींद अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। मगर क्या आपको पता हैं कि 70% महिलाओं को थायराइड की समस्या नींद की कमी से होती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप अपनी पूरी नींद लें।

## नाखूनों का बढ़ना

महिलाओं के नाखूनों की तुलना में पुरुषों के नाखून तेज गति से बढ़ते हैं। ऐसा हार्मोंस के कारण होता है। साथ ही नाखून के बढ़ने की गति गर्मियों में अधिक तेज होती है क्योंकि उस दौरान शरीर को ज्यादा मात्रा में विटामिन डी मिलता है।

## धूप के कारण होती है झुर्रियां


महिलाएं अक्सर कम उम्र में झुर्रियां पड़ने को लेकर परेशान रहती है। मगर आप यह नहीं जानती कि 80% महिलाओं में झुर्रियां अत्यधिक धूप के कारण होती हैं। इसे दूर करने के लिए महिलाएं बोटॉक्स सर्जरी का सहारा लेती हैं लेकिन आप विटामिन सी का सेवन कर झुर्रियों को दूर कर सकती हैं।

## पीरियड्स का ज्यादा ब्लीडिंग है डिसमेनोरिया का संकेत

पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट में दर्द हल्का दर्द होना सामान्य है। कई बार वेजाइना का यह दर्द बर्दाशत करना मुश्किल हो जाता है। अगर हर बार इस तरह की तकलीफ हो रही है तो वह डिसमेनोरिया का संकेत हो सकता है। यह वुमेन हेल्थ कंडीशन है जो 7 में से 1 महिला को हो सकती है।

## महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा होती है नींद की जरूरत

महिलाएं मल्टीटास्किंग होती हैं, जिसकी वजह से वो घर व ऑफिस में मेंटल एनर्जी का पुरुषों से ज्यादा इस्तेमाल करती हैं। अगर वो भरपूर नींद न लें तो खपत हुई ऊर्जा को दोबारा बनाए रखने में बहुत परेशानी होती है। धीरे-धीरे इसका असर उनकी सेहत पर भी पड़ता है इसलिए उन्हें पुरुषों से ज्यादा नींद की जरूरत होती है।



# क्या है के पॉप डाइट

फिट और स्लिम रहने की चाह हर व्यक्ति की होती है, लेकिन आजकल का बिजी लाइफस्टाइल, खान-पान से जुड़ी बुरी आदतें और वर्कआउट की कमी के चलते यह सपना बहुत कम ही लोगों का पूरा हो पाता है। ऐसे में कई बार लोग अपने बढ़े हुए वजन से छुटकारा पाने के लिए खाना-पीना ही बंद कर देते हैं। जिसकी वजह से शरीर कमजोर होकर कई रोगों का घर बनने लग जाता है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो कोरियन वेट लॉस डाइट आपकी मदद कर सकती है। दुनिया भर में लोग कोरियाई ब्यूटी टिप्स और उनके डाइट प्लान के दिवाने हैं। आइए जानते हैं आखिर क्या होती है यह कोरियन 'के पॉप डाइट' और क्या हैं इसके फायदे।

## क्या है के-पॉप डाइट?

कोरियन डाइट या के-पॉप डाइट आजकल लोगों के बीच काफी चर्चा में बनी हुई है। इस डाइट की मदद से व्यक्ति बड़ी आसानी से अपना वजन कम कर सकता है। दरअसल, कोरियन डाइट में मील्स के बीच में स्नैक्स नहीं लिए जाते। इस डाइट में फैटी एसिड, शुगर या प्रोसेस्ड फूड को भी शामिल नहीं किया जाता है। के-पॉप डाइट में खाने को कम से कम प्रोसेस किया जाता है ताकि उसके गुण सुरक्षित रहें। इसमें ज्यादातर सब्जियां शामिल होती है और शुगर या फैट की मात्रा बहुत कम होती है। इससे वजन तो कम होता ही है साथ ही स्किन अच्छी होती है।

## कोरिया की के-पॉप डाइट में क्या होता है

कोरियन डाइट में ज्यादातर सब्जियां शामिल होती है लेकिन शुगर या फैट की मात्रा बहुत कम होती है। डाइट फॉलो करनेवाले लोगों को आहार में कम कैलोरी वाले फूड्स जैसे-फल, सब्जियां, सूप और सलाद शामिल करना चाहिए, जो पौष्टिक होने के साथ पेट भरते हों। इसके अलावा डाइट में लीन मीट (चिकन), अंडे, टोफू, मशरूम और शिताके भी शामिल कर सकते हैं।

## कोरियन डाइट प्लान के नियम

- कोरियन वेट लॉस डाइट प्लान में तय सीमा में कैलोरी लेने की सलाह नहीं दी जाती है। इस डाइट में व्यक्ति अपनी मर्जी से कैलोरी ले सकता है। इस डाइट प्लान में व्यंजनों, सूप और सब्जियों के ज्यादा से ज्यादा सेवन की सलाह दी जाती है।
- इस डाइट प्लान के साथ ज्यादा से ज्यादा योग और एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है।
- इस डाइट को फॉलो करने वाले लोग दिन में 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद भी जरूर लें।

## के-पॉप डाइट के फायदे

- कोरियन डाइट में फाइबर की अधिकता होने से पेट भरा हुआ लगता है, जिससे व्यक्ति को बार-बार भूख नहीं लगती। कैलोरीज का सेवन कम करने की वजह से वजन कम करने में मदद मिलती है।
- हल्का खाने से आपको कब्ज या पेट दर्द जैसी समस्या नहीं होती। इसमें हल्का खाना होता है जिससे पेट को आराम मिलता है।
- इस डाइट में प्रोटीन ज्यादा लिया जाता है। जो बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा माना जाता है। कोरियन डाइट लेने से आपके बालों को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं जिससे बाल लंबे और घने बनते हैं।
- इस डाइट में आप तली हुई चीजें, फास्ट फूड या तेल का इस्तेमाल नहीं करते जिसके चलते चेहरे पर मुंहासों की समस्या से निजात मिलता है।

### लाल मिर्ची के इस्तेमाल से

# हार्ट अटैक पर पाया जा सकता है काबू



**आजकल के ज्यादातर लोगों में सबसे गंभीर बीमारी हार्ट अटैक सामने आ रही है। अगर देखा जाए तो इस बीमारी की कोई उम्र सीमा नहीं हैं। यह बीमारी हमारे जीवनशैली यानी हमारे लाइफस्टाइल की वजह से होती हैं।**

तनाव इस बिमारी की मुख्य वजह हैं। इस बीमारी का शिकार लोगों का ईलाज में लाखों रुपए लग जाते है। वहीं इस बीमारी का ईलाज आप 60 सेकंड में घर में भी कर सकते है वो भी मिर्च से। जी हां, मिर्च ऐसी चीज है अगर खाने में ना हो खाना ही बेस्वाद लगता है। और अगर यह खाने में ज्यादा हो जाए तो भी खाने वाले का बुरा हाल। अब बताते है कि लाल मिर्ची के इस्तेमाल से हार्ट अटैक पर केवल 60 सेकंड में काबू पाया जा सकता हैं। दरअसल एक मशहूर डॉक्टर जॉन क्रिस्टोफर का कहना हैं की, मैंने आज तक जितने भी हार्ट अटैक मरीजो के घर गया हूं उनमे से कोई भी मरा नहीं हैं। मैं उन्हें लाल मिर्च की चाय पिलाता हूं (एक कप गर्म पानी में एक चम्मच लाल मिर्च) और वह मिंटो में अपने पैरो पर खडे हो जाते हैं।

# सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उपजे विवाद में पुलिस ने भांजी लाठियां

## एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया, एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल जप्त





स्मार्ट हलचल|गंगापुर

सोशल मीडिया पर गोवंश काटने की पोस्ट डालने के बाद पोटला में बाजार व दुकानें बंद कर ग्रामीण उतरे सड़कों पर लगातार प्रदर्शन करते रहे। पोटला में हिंदू संगठनों व ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन साम तक जारी रहा। शाम को बागरिया परिवार के निवास स्थान पर पत्थर बाजी करने के बाद पुलिस ने लाठिया बरसाना शुरू किया। और मौके से भीड़ को खदेड़ा।

पोटला निवासी गोवर्धन बागरिया के निवास पर शादी समारोह मे मवेशी को काटने व मूंड़ी लहराने का वीडियो उसके भांजे रतनलाल बागरिया द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। उसके बाद शुक्रवार पोटला के ग्रामीण सहित हिंदू संगठन उतरे सड़कों पर, किया प्रदर्शन, ग्रामीणों ने अपने प्रतिष्ठान सुबह 10 बजे बंद कर दिए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने गंगापुर उपखंड अधिकारी राजेश बिश्नोई से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई व बागरिया जाति के लोगों द्वारा ग्राम पंचायत की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई। मौके पर गंगापुर एसडीएम, पुलिस उप अधीक्षक सहित भारी संख्या में पुलिस जाता तैनात किया गया।

### चार बार की वार्ता का दौर विफल रहा

पोटला में उपजे विवाद के बाद ग्रामीणों हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच चार बार की वार्ता का दौर चला लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पोटला गांव में बागरिया समुदाय के 15 से 25 परिवार करते हैं निवास।

### 8 घंटे के बाद भी समस्या का नहीं निकला समाधान

रतनलाल बागरिया द्वारा सोशल मीडिया पर मवेशी को काटने का आपत्तिजनक वीडियो डालने के बाद उपजा विवाद पर ग्रामीणों का 8 घंटे तक प्रदर्शन चला रहा लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

### पथराव के बाद एक दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया

पोटला में उपजे विवाद के बाद हुए पथराव व लाठीचार्ज के बाद पुलिस ने एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलो को भी जप्त किया।

# गौ वंशों के साथ अश्लील हरकत और दुष्कर्म का आरोप

## विश्व हिंदू परिषद ने तीन नामजद जनों के खिलाफ थाने में दी रिपोर्ट



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड ने आज भाजपा कार्यालय के समीप गायों के साथ अश्लील और घिनौनी हरकत करने की घटना को लेकर तीन नामजद जनों के खिलाफ बिजोलिया थाने में रिपोर्ट दी।

रिपोर्ट बताया कि आज दोपहर के करीब 2 बजे बीजेपी कार्यालय के पास में बिमार गौ वश की तलाश में गये थे तभी हमने वहां पर देखा की उपरोक्त तीनों अभियुक्तगण भाजपा कार्यालय के पास एक बाड़े में एक गाय के साथ घिनौनी हरकत दुष्कर्म करते हुऐ पाये गये तथा साथ ही एक छोटे बछड़े को बांद रखा था जिसकी हालत देख कर भी लगता है की उसे छोटे बछडे के साथ भी दुष्कर्म किया गया हो एवं एक अन्य गाय को भी क्रुरता पुर्वक बांध रखा था जिससे उसकी हालत गंभीर है इस घटना को देखने के बाद हमने उपरोक्त अभियुक्तगणों को मौके पर श्री पकड़ लिया। उक्त घटना से गौ सेवकों के साथ- साथ आम जन में भी भारी आक्रोश व्याप्त है।

विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों द्वारा आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर उचित सजा दिलाने की मांग की गई।

# मंगरोप में हिन्दू-मुस्लिम व्यापारियों ने अमावस्या पर मिलकर बंद रखे प्रतिष्ठान



स्मार्ट हलचल | मंगरोप

शुक्रवार को मंगरोप कस्बे में अमावस्या के अवसर पर व्यापारियों ने ऐतिहासिक एकजुटता का प्रदर्शन किया। स्थानीय व्यापारिक संगठन के आह्वान पर हिन्दू समाज के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय के व्यापारियों ने भी अपने-अपने प्रतिष्ठान पूरे दिन बंद रखकर समर्थन जताया। केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठान खुले रहे।व्यापारिक संगठन के सदस्य राकेश विजयवर्गीय, दिनेश सोमानी, शाहरुख रंगरेज, नवनीत सोमानी, हारून बिसायती और मुकेश वैष्णव ने बताया कि तीन दिन पूर्व संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि महीने की हर अमावस्या पर अवकाश रखा जाएगा।व्यापारियों ने कहा कि सभी ने मिलकर इस निर्णय को सफल बनाया,जिससे कस्बे में सामूहिक सहयोग और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिला।संगठन ने भविष्य में भी इसी तरह की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया है।

# निर्माण कार्य पर देना होगा उपकर, सैंकडो लोगो को जारी किए नोटिस

## उपकर जमा नही कराने पर हो सकती है कुर्की, भवन स्वामी जमा कराए उपकर

## नही जमा कराया उपकर सैस तो लग सकती है 100 प्रतिशत पेनल्टी व 24 प्रतिशत ब्याज राशि

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

राज्य में सभी जिलो में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (श्रमिक) कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 ;ठव्ब्द्ध लागू है। जिसके तहत प्रदेश में दिनाक 27 जुलाई 2009 के पश्चात निर्मित सरकारी/वाणिज्यिक/निजी (आवासीय) भवनों व निर्माण कार्यो की लागत पर 1 प्रतिशत उपकर (सेस) देय है। राजस्थान में अभी तक किसी भी वर्ग या निर्माण कार्य पर उपकर राशि की छूट नही है। भवन निर्माण करने वाले मालिकों/नियोजक को निर्माण कार्य के प्रारम्भ करने की सूचना 30 दिवस की अवधि में निर्धारित प्रपत्र में श्रम विभाग को दिया जाना आवश्यक है तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने या उपकर राशि निर्धारण होने की 30 दिवस की अवधि में, जो भी पहले हो, उपकर संग्रहक को जमा कराया जाना आवश्यक है। यदि किसी प्रोजेक्ट या निर्माण कार्य की अवधि 1 वर्ष से अधिक हो तो 1 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के 30 दिवस में देय उपकर राशि जमा करायी जाना आवश्यक है। नियोजक द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की अनुमानित लागत पर देय उपकर अग्रिम भी जमा कराया जा सकता है।

उपश्रम आयुक्त ने बताया कि उपकर (सेस) के तहत वसूली जाने वाली राशि निर्माण श्रमिको के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में व्यय की जाती है। 27.07.2009 के बाद निर्मित सरकारी/वाणिज्यिक/निजी आवासीय भवनों व निर्माण कार्यो को उपकर (सेस) के दायरे में रखा गया है। जिनमें से 10 लाख रूपये से कम लागत के बनाए गए केवल आवासीय भवनां को उपकर सेस के दायरे से बाहर रखा गया है। अगर 10 लाख रूपये की लागत से ज्यादा की लागत से अगर कोई आवासीय भवन बनता है तो उससे भी एक प्रतिशत (सेस) वसूला जाएगा। व्यवसायिक भवन निर्माण करवाने पर कोई छूट नही है।

अधिनियम के तहत उप श्रम आयुक्त भीलवाड़ा ने शुक्रवार को 50 मालिकों/नियोजकों को नोटिस जारी किये गये है तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 400 से अधिक निर्माण स्थल (आवासीय व व्यवसायिक) के मालिकों को नोटिस दिए गए है। तथा वसूली कार्यवाही हेतु 42 प्रकरण विचाराधीन है। वित्त वर्ष 2025-26 में 25 नियोजकों के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही कर उपकर निर्धारण आदेश जारी किये गये है। उक्त प्रकरणो में नियत समय में राशि जमा नही करवाये जाने की स्थिति में वसूली के लिए जिला कलक्टर को प्रेषित किये जायेगें।

प्रारम्भ में भवन मालिक/नियोजक को निर्माण से संबंधित दस्तावेज अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है। नोटिस के बाद उपकर (सेस) जमा नही कराने पर श्रम विभाग स्वयं निर्माण की लागत निकालकर भवन मालिक के विरूद्ध एक पक्षीय उपकर सेस निर्धारण आदेश जारी करेगा। उपकर राशि देय होने की अवधि में जमा नही कराए जाने की स्थिति मे 24 प्रतिशत वार्षिक की दर से नियोजक पर ब्याज आरोपित किए जाने का प्रावधान है। श्रम आयुक्त ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक भवन नियोजको को नोटिस जारी कर उपकर सैस जमा करवाया जाए। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जावे।

उक्त के अतिरिक्त उपकर निर्धारण की आदेश की दिनांक से निर्धारित अवधि में भुगतान/जमा नही कराने पर 100 प्रतिशत पेनल्टी का प्रावधान है। उपकर राशि जमा नही कराने पर मय ब्याज और पेनल्टी के साथ वसूली की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कोई भी निर्माणकर्ता द्वारा नगर परिषद/युआइटी में नक्शा स्वीकृति के समय उपकर की अनुमानित राशि जमा करवाई गई है तो भी अंतिम उपकर निर्धारण राशि उपश्रम आयुक्त कार्यालय में जमा करवाने का श्रम करावें।

# किसान के खेत में मृत मिला लेपर्ड

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट और लंस की बीमारी के चलते लेपर्ड की मौत



स्मार्ट हलचल


**बिजौलियाँ।** बिजौलिया उपखंड के मानपुरा गांव में शुक्रवार सुबह एक खेत में लेपर्ड का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लेपर्ड के शव को कब्जे में लेकर बिजौलिया स्थित वन विभाग कार्यालय लाया गया, जहां पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमॉर्टम किया गया। तत्पश्चात नियम अनुसार शव दाह संस्कार किया गया।

फॉरेस्ट रेंजर विमल रैगर ने बताया कि मानपुरा निवासी रामलाल धाकड़ की खातेदारी भूमि में घास के बीच लेपर्ड का शव पड़ा हुआ मिला। सुबह खेत पर पहुंचे किसान को लेपर्ड दिखाई दिया, लेकिन काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होने पर उसने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच की जिसमे लेपर्ड मृत पाया गया।

लेपर्ड के शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी चोट या संघर्ष के निशान नहीं पाए गए हैं। शव को बिजौलिया वन नाका लाकर पशु चिकित्सकों की टीम से पोस्टमार्टम कराया गया, ताकि मौत के कर्म का स्पष्ट पता लगाया जा सके।

वही पशु चिकित्सक डॉ. अश्विन तांबी ने बताया कि मृत लेपर्ड करीब 12 से 13 वर्ष का नर था। प्रारंभिक जांच में उसके हार्ट और लंग्स में बीमारी के लक्षण सामने आए।

# रायला में अनुपसागर तालाब की पाल से हटाया अतिक्रमण



स्मार्ट हलचल

**रायला।** रायला कस्बे में अनुपसागर तालाब की पाल पर वर्षों से हो रहे अतिक्रमण को शुक्रवार को प्रशासन द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान तालाब की पाल पर बने कई अस्थायी अतिक्रमण हटवाए गए। मौके पर एक दिव्यांग महिला की केबिन भी रखी हुई थी, जिस पर महिला ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए 2 दिन का समय मांगा। महिला ने आश्वासन दिया कि वह निर्धारित समयावधि में स्वयं केबिन हटा देगी, जिस पर प्रशासन ने उसे दो दिन की मोहलत दी। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार संतोष कुमार सुनेरीवाल नायब तहसीलदार सत्यनारायण लुहार, अतिरिक्त विकास अधिकारी गणेश नारायण, सचिव कुणाल शर्मा, पटवारी, हल्का गिरदावर सहित रायला थाना पुलिस का जाब्ता मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक जलस्त्रोतों की भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल घोषित

### 12 फरवरी से शुरू होगी परीक्षा, सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम

स्मार्ट हलचल| अजमेर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का टाइम टेबल घोषित कर दिया है। 10वीं की परीक्षा 12 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगी। वहीं 12वीं की परीक्षा 12 फरवरी से 11 मार्च तक परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 19 लाख 86 हजार 422 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

बोर्ड सचिव श्री गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इन परीक्षाओं के दौरान करीब 6 अवकाश रहेंगे। जिसमें चार रविवार और दो अवकाश होली और धुलण्डी के रहेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए 19 लाख 86 हजार 422 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं। इनमें सैकण्ड्री के 10 लाख 68 हजार 610, सीनियर सैकण्ड्री के 9 लाख 5 हजार 872 परीक्षार्थी शामिल है। वरिष्ठ उपाध्याय के 4123 और प्रवेशिका के 7817 परीक्षार्थी है। कुल 6193 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सचिव ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। प्रश्न पत्र पुलिस थानों और चौकियों में रखे जाएंगे। सेंटर्स पर नकल ना हो इसे लेकर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही वीडियोग्राफी भी होगी। बोर्ड ने संवेदनशील और अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्र चिन्हित किए है। इसमें विशेष तौर पर वीडियोग्राफी की जाएगी। परिणाम जल्द घोषित करने के प्रयास किए जाएंगे।

### जयपुर में हाईपावर कमेटी की बैठक आयोजित

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त परीक्षा समिति की बैठक शासन




सचिव स्कूल शिक्षा श्री कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक में गृह विभाग, शिक्षा विभाग एवं सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित प्रमुख बिन्दुओं, कानून व्यवस्था, प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित वितरण व उनकी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा, जिला स्तरीय परीक्षा संचालन समितियों का गठन व परीक्षा संचालन के लिए रेस्मा कानून आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए विशेष व्यवस्थाओं पर बात की गई।

शासन सचिव श्री कृष्ण कुणाल ने परीक्षाओं को पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रश्न पत्र केंद्रों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने व एकल केंद्र बनाने से यथासंभव बचने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने गत वर्षों के परिणाम के आंकड़ों की समीक्षा कर इसके आधार पर केंद्रों की सुरक्षा रणनीति बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी सत्र एक अप्रैल से शुरू किए जाने के मद्देनजर इस बार दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम पहले जारी करने के निर्देश दिए जिससे विद्यालयों में 11वीं कक्षा की प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित न हो।

बैठक में एडीजी एसओजी श्री वीके सिंह, संयुक्त सचिव गृह विभाग श्री मनीष गोयल, प्रशासक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान श्री शक्ति सिंह राठौड़, सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक द्वितीय श्री अशोक कुमार मीना, डीजी होमगार्ड के प्रतिनिधि श्री बादोराव मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्री सीताराम जाट बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# रीटा जाट ने शूटिंग में जीता सिल्वर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भीलवाड़ा जिले की पुलिस शूटिंग रेंज की शूटर रीता जाट ने दिल्ली में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर वूमेन पिस्टल इवेंट में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। रीटा जाट को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन ने बधाई दी और भीलवाड़ा पुलिस शूटिंग रेंज से 28 शूटरों अलग - अलग इवेंट में 68 वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। जो भीलवाड़ा जिले के लिए अत्यंत गर्व का पल है।

# रूपपुरा गोवंश कत्ल मामले में पुलिस ने अपराधियो का सरेआम निकाला जुलूस, मौका तस्दीक करवाई

### आमजन में शांति और अपराधियो में भय का दिया संदेश

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** थाना क्षेत्र के रूपपरा गांव में गोवंश कत्ल के मामले में पलिस ने बडी करवाई की है पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की गांव में परेड कराई और घटनास्थल का मौका तस्दीक भी कराया। मांडल थाना प्रभारी रोहिताश यादव के नेतत्व में पूलिस टीम गिरफ्तार आरोपी आदिल और अखिल को लेकर रूपपुरा डांग पर पहुंची। दोनों आरोपियों को गांव के रास्तों से पैदल ले जाकर घटनास्थल तक ले जाया गया। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और पुलिस की कार्रवाई की सराहना की।



उल्लेखनीय है कि 3 दिन पहले गांव के बाहर गोवंश के अवशेष मिले थे। मामले की जांच के बाद पूलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजद ग्रामीणों में आक्रोश बना हआ था। इसी क्रम में गुरुवार को ग्रामीणों के नेतत्व में ग्रामीण एक बार फिर एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाने, चारागाह भूमि को अतिक्रमण से मूक्त कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवार्ड की मांग रखी ।

### ग्रामीण कर रहे हैं पुलिस की सराहना

रूपपुरा गांव में गोवंश के अवशेष मिलने पर मांडल थाना पुलिस सहित अन्य स्थान से जाप्ता मौके पर पहुंचा और सेक्टर में शांति बनाए रखने के लिए पूरे प्रयास किए इस दौरान भाजपा विधायक उदयलाल भड़ाना भी मौके पर पहुंचे, पुलिस की सूझबूझ से ग्रामीणों को शांत करवाया और एक बड़ा टकराव होने से बच गया मांडल थाना पुलिस ने घटना के थोड़ी देर बाद में सभी आरोपियों को डिटेन कर लिया था और मुख्य रूप से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गांव में परेड निकालकर आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा और अपराधियो में डर का संदेश दिया।

# कोठारी नदी में अवैध बजरी खनन रोकने गए ग्रामीणों को बजरी माफियाओं ने जान से मारने की धमकी दी

## बागोर के बाज्या खेड़ा में खुलेआम हो रहा है बजरी का अवैध खनन, थानाधिकारी को सौपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** कोठारी नदी में बजरी के अवैध खनन को रोकने गए ग्रामीणों को बजरी माफिया द्वारा जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना बागोर पंचायत के बाज्या खेड़ी क्षेत्र की है, जहां कोठारी नदी में खुलेआम अवैध रेत खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने अवैध खनन का विरोध किया तो बजरी माफिया ने उन्हें डराया-धमकाया और गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ग्रामीणों ने इस संबंध में बागोर थानेदार को भीलवाड़ा जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बागोर की कोठारी नदी पुलिया से बाज्या खेड़ी सरहद तक रातभर 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली के



जरिए अवैध रेत खनन किया जा रहा है। प्रशासन की अनदेखी के चलते माफिया के हौसले बुलंद हैं। अवैध खनन का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। इससे किसानों के कुओं का जलस्तर तेजी से गिर रहा है और कोठारी नदी का प्राकृतिक स्वरूप भी बिगड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है।

# आयुर्वेद की ओर बढ़ता विश्वास: शाहपुरा में 10 दिवसीय नि:शुल्क अंतरंग आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर बना स्वास्थ्य क्रांति का आधार

## आयुष ही भविष्य की चिकित्सा पद्धति है-वैद्य हंसराज चोधरी

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** जब आधुनिक जीवनशैली के कारण बीमारियां बढ़ती जा रही हों और महंगे इलाज आमजन की पहुंच से बाहर होते जा रहे हों, ऐसे समय में आयुर्वेद एक बार फिर मानवता के लिए संजीवनी बनकर उभर रहा है। इसी कड़ी में शाहपुरा में आयोजित 10 दिवसीय नि:शुल्क अंतरंग आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर न केवल रोगियों के लिए राहत का माध्यम बना है, बल्कि आयुर्वेद को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सशक्त और प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया है।

यह शिविर राष्ट्रीय आयुष मिशन, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग, श्री रामनिवास धाम ट्रस्ट तथा भारत विकास परिषद शाखा शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के उन रोगियों तक आयुर्वेदिक चिकित्सा पहुंचाना है, जो आर्थिक या अन्य कारणों से उपचार से वंचित रह जाते हैं।

आयुर्वेद केवल प्राचीन पद्धति नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक जीवनशैली है, जो रोग के मूल कारण को पहचानकर उपचार करता है। शाहपुरा में चल रहे इस शिविर में यह बात व्यवहारिक रूप से देखने को मिल रही है। यहां अर्श, भगंदर, पाइल्स, फिस्टुला जैसे जटिल और पीड़ादायक रोगों का आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा पद्धति से सुरक्षित, प्रभावी और निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। बिना महंगे उपकरणों और रासायनिक दवाओं के, प्राकृतिक विधियों से रोगियों को राहत मिलना आयुर्वेद की शक्ति को प्रमाणित करता है।

शुक्रवार को शिविर के चैथे दिन राज्य सरकार द्वारा अधिकृत नवग्रह वेलनेस सेंटर के संस्थापक वैद्य हंसराज चोधरी का शिविर में आगमन हुआ। उन्होंने न केवल रोगियों से संवाद किया, बल्कि चिकित्सकों और स्वयंसेवकों को आयुर्वेदिक सेवा के प्रति प्रेरित किया। वैद्य चैधरी ने कहा कि 'आयुर्वेद भारत की आत्मा है। राज्य और केंद्र सरकार द्वारा आयुष को बढ़ावा देने के प्रयासों से आज आमजन का भरोसा फिर से इस पद्धति पर लौट रहा है।'

उन्होंने शिविर के लिए बजट बढ़ाए जाने पर सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आयुर्वेद को नई पहचान और नई पीढ़ी को दिशा मिल रही है। उन्होंने आयुर्वेद परंपरा के पुर्नजीवित होने पर सरकार का आभार ज्ञापित किया।

शिविर प्रभारी डॉ. नारायण सिंह के अनुसार अब तक 3000 से अधिक रोगी शिविर में पंजीकरण करवा चुके हैं। इनमें से 55 रोगियों के सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि आयुर्वेद के प्रति बढ़ते विश्वास और जनस्वीकृति का प्रमाण हैं।

इस शिविर की विशेषता यह है कि यहां केवल रोग का उपचार नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली पर भी जोर दिया जा रहा है। रोगियों को क्वाथ वितरण, योगाभ्यास, पंचकर्म चिकित्सा, स्वर्णप्राशन के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की दिशा में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि आयुर्वेद बीमारी के बाद नहीं, बल्कि बीमारी से पहले सुरक्षा कवच की तरह कार्य करता है। इस अवसर पर डॉ. जलदीप पथिक, भाविप के अध्यक्ष पवन बांगड़, जयदेव जोशी, संचिना कला संस्थान के अध्यक्ष रामप्रसाद पारीक, महासचिव सत्येंद्र मंडेला की उपस्थिति ने शिविर की गरिमा को और बढ़ाया।

शाहपुरा जैसे अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का शिविर यह साबित करता है कि आयुर्वेद केवल वैकल्पिक चिकित्सा नहीं, बल्कि मुख्यधारा की चिकित्सा प्रणाली बनने की क्षमता रखता है। कम खर्च, कम दुष्प्रभाव और स्थायी लाभकृये सभी गुण आयुर्वेद को आमजन के लिए सबसे उपयुक्त बनाते हैं।

शाहपुरा में आयोजित यह 10 दिवसीय निःशुल्क अंतरंग आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर केवल एक चिकित्सा कार्यक्रम नहीं, बल्कि आयुर्वेद के पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह शिविर संदेश देता है कि यदि सरकार, समाज और चिकित्सक मिलकर कार्य करें, तो आयुर्वेद देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बन सकता है। निस्संदेह, शाहपुरा की यह पहल आने वाले समय में अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणा बनेगी और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी।

# महिलाओं से अभद्रता और जान से मारने की धमकी का आरोप

## पीड़ित महिलाओं ने एसपी से कार्रवाई की की मांग



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** आर सी व्यास कॉलोनी स्थित हरिजन बस्ती में महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओं ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि 18 दिसंबर 2025 की रात करीब 11 बजे वे अपने परिवार की महिलाओं के साथ घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान गोविन्द मल्होत्रा निवासी हरिजन बस्ती, आर सी व्यास कॉलोनी आया और गाली-गलौच करने लगा। शिकायत में बताया गया कि आरोपित ने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की कर अभद्र व्यवहार किया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर परिवार के पुरुष और मोहल्लेवासी बीच-बचाव के लिए पहुंचे, जिसके बाद भी आरोपित ने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िताओं का कहना है कि आरोपित स्वयं को प्रभावशाली बताकर डराने की कोशिश करता रहा। घटना के बाद रात करीब 11.30 बजे पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को साथ ले गई। इसके बाद पीड़ित पक्ष रिपोर्ट लेकर सुभाष नगर थाने पहुंचा, जहां उनके अनुसार उन्हें पूरी रात थाने में बैठाया गया और उचित सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि आरोपित और उसके परिवार के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी रोष बताया जा रहा है।

# भीम गुलाबपुरा सड़क मार्ग पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत

## चार घायल दो रेफर

स्मार्ट हलचल



**आसींद।** नेशनल हाईवे 148 डी भीम से गुलाबपुरा सड़क मार्ग पर ओडा का बाड़िया कीड़ीवाल के निकट दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में चार व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय लाया गया। उनमें से गंभीर दो घायलों को भीलवाड़ा रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सड़क दुर्घटना में कानाराम भील उम्र 37 वर्ष निवासी तितरी का बड़िया, दूसरा मोहन पिता अमरचंद मेघवंशी बरनागर तहसील आसींद इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया। वही इसी दौरान भीम से आसींद की ओर आ रहे हैं केसर सिंह रावत पिता कालू सिंह रावत उम्र 39 वर्ष एवं देवीलाल पिता रामलाल रावत उम्र 50 वर्ष निवासी सरलाई थाना नवाब का निंबाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। इन दोनों घायलो को चिकित्सालय लाया गया तथा प्राथमिक उपचार किया गया।

# 11 दिन वेंटिलेटर पर रहने पर भी नहीं बच सकी महेश की जान, 8 दिसंबर को बाइक और डंपर की हुई थी भिड़ंत

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ।** बीते 8 दिसंबर को छोटी बिजोलिया से तिलस्वा महादेव दर्शन करने जा रहे हैं दो दोस्तों की छोटी बिजोलिया के सांगरिया के समीप डंपर से जोरदार भिड़ंत हुई थी जिसमे बाइक पर महेशपूरी और विनय धाबाई सवार थे जिसमें विनय धाबाई के हाथ और पैरों मे गंभीर चोटे आई थी वही महेश पुरी की हालत नाजुक बनी हुई थी जिसका जयपुर के फोर्टिस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। 11 दिन वेंटिलेटर पर रहने के बाद गुरुवार देर रात्रि को महेश पुरी ने आखिर दम तोड़ दिया। महेश पुरी का व्यवहार सबसे मिलान सार था महेश पुरी की मौत की खबर सुनकर पूरे छोटी बिजोलिया ग्राम का माहौल गमगीन हो गया।

### यह था मामला-

बिजोलिया क्षेत्र के छोटी बिजौलियाँ में लापरवाही से वाहन चलाने का एक मामला सामने आया था जिसमें डंपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। छोटी बिजौलिया निवासी जगदीश पुरी ने मामला दर्ज कराकर बताया कि 8 दिसंबर शुक्रवार को उसका भतीजा महेश पुत्र शंकरपुरी अपनी दुपहिया वाहन बुलेट से छोटी बिजौलिया से तिलस्वां नाथ दर्शन के लिए जा रहा था। बाइक पर उसके साथ उसका दोस्त बिजौलिया निवासी विनय धाबाई भी सवार था। दोनों युवक जब सांगरिया के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज गति व लापरवाही से रोड पर लहराते हुए डंपर आया। डम्पर चालक मोबाइल पर बात कर रहा था और गलत दिशा में आकर बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में महेश पूरी के सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि विनय धाबाई के हाथ और पैरों में गहरी चोटें आई। मौके पर मौजूद राहगीर कपिल धाकड़ एवं पंकज धाकड़ ने घायलों को पहचानकर परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को तुरंत कोटा के एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां महेश की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर फोर्टिस अस्पताल रेफर किया गया था।

# हैंडबॉल में कोमल जाट का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

स्मार्ट हलचल



**बनेड़ा।** उपखंड सर्किल के लाम्बियाखुर्द ग्राम स्थित निजी स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा कोमल जाट (सालरिया कलां) का चयन राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता (14 वर्ष) में चयन हुआ है ।

69वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन अगले वर्ष के पहले सप्ताह में चित्तौड़गढ़ जिले के पारोली स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया जाएग। इस प्रतियोगिता में राज्य का खिलाड़ी दल 4 जनवरी को हिस्सा लेंगे । भीलवाड़ा जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि कोमल जिले के साथ राज्य का भी प्रतिनिधित्व करेगी । संस्था निदेशक दिनेश जाट ने बताया कि प्रतियोगिता से पूर्व राज्य स्तरीय टीम के चयन के लिए पूर्व चयन परीक्षण आयोजित किया गया था । यह चयन परीक्षण 17 व 18 दिसंबर को चित्तौड़गढ़ में हुआ, जिसके बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए 19 दिसंबर से 3 जनवरी तक पूर्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिले से इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी के चयन से क्षेत्र और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। विद्यालय परिवार, अभिभावकों और खेल प्रशिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई है कि ये खिलाड़ी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित करेंगे और भीलवाड़ा जिले का गौरव बढ़ाएंगे।

# राजकीय महाविद्यालय की हैंडबॉल छात्र वर्ग टीम रही उपविजेता



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय ने खेल के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय की 38वीं अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता (छात्र वर्ग) में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया है।

इस खेल प्रतियोगिता के फाइनल गेम का भव्य आयोजन संजीवनी महाविद्यालय, विजयनगर में 19 दिसम्बर को किया गया। विश्वविद्यालय स्तर की इस स्पर्धा में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें बनेड़ा महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और अनुशासन का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। फाइनल मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच टीम उपविजेता रही। टीम की इस सफलता में मुख्य खिलाड़ी के रूप में किशन पारीक, पप्पू लाल जाट, सूरज गुर्जर, किशन वर्मा, भैरू लाल गुर्जर, राकेश जाट, जगदीश जाट और देवराज जाट का विशेष योगदान रहा। खिलाड़ियों के सटीक तालमेल और मैदान पर उनकी फुर्ती ने दर्शकों व निर्णायकों को बेहद प्रभावित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने पूरी टीम और खेल प्रभारी को इस बड़ी सफलता के लिए बधाई दी। खेल प्रभारी सुबोध कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसका परिणाम आज उपविजेता के रूप में सामने आया है। सुबोध कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं के लिए भी प्रेरित किया।

# विकसित भारत-गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल को तुरंत वापस लेने की मांग

स्मार्ट हलचल | करेड़ा



मजदूर किसान शक्ति संगठन तथा राज-स्थान असंगठित मजदूर यूनियन द्वारा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल, 2025 को तुरंत वापस लेने की माँग करते हुए संगठनों द्वारा रैली निकालकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम पर करेड़ा उपखंड अधिकारी रेखा गुर्जर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 कोई योजना नहीं, बल्कि संसद द्वारा पारित एक अधिकार कानून है, जिसने देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों—विशेषकर महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और भूमिहीन मज़दूरों—को न्यूनतम रोज़गार की कानूनी गारंटी दी है। इसके विपरीत VB-GRAMG बिल इस अधिकार को समाप्त कर मनरेगा को एक केंद्र-नियंत्रित योजना में बदल देता है।

संगठनों के अनुसार यह बिल 'पहले बजट, फिर काम' की सोच थोपता है, जो मनरेगा की मांग-आधारित भावना पर सीधा हमला है। 125 दिनों के रोज़गार का दावा भ्रामक है, अब तक देश में केवल लगभग 7 प्रतिशत परिवारों को ही 100 दिन का कानूनी काम मिल पाया है और औसतन मज़दूरों को हर वर्ष 50 दिन से भी कम काम मिलता रहा है। इस नए बिल के लागू होने से ग्राम सभाओं और पंचायतों की भूमिका कमजोर होगी।

रैली के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए संगठन के लाल सिंह ने कहा मनरेगा कोई योजना नहीं, बल्कि काम का कानूनी अधिकार है। VB-GRAMG बिल इस अधिकार को खत्म करने का रास्ता खोलता है। अगर काम और बजट दिल्ली से तय होंगे, तो ग्राम स्वराज केवल नारा बनकर रह जाएगा। प्रेमलता ने कहा 60:40 लागत-साझेदारी गरीब राज्यों के लिए मौत का फंदा है। केंद्र सरकार मज़दूरी की जिम्मेदारी राज्यों पर डाल रही है, जिसका सबसे ज़्यादा असर महिला मज़दूरों और असंगठित श्रमिकों पर पड़ेगा।

इस दौरान संगठन की लक्ष्मी देवी, सोसी देवी, लीला ,पूजा ,प्रियंका , नेहा सहित संगठन और यूनियन ने माँग करते हुए VB-GRAMG बिल, 2025 को तत्काल वापस लेते हुए मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बनाए रखते हुए मनरेगा मज़दूरी दर में तत्काल वृद्धि की जाए।

# मांडल की जनता गंदा पानी पीने को मजबूर, नलों में आ रहा है गंदा पानी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



मांडल कस्बे में इन दिनों आम जनता गंदा पानी पीने को मजबूर हो रही है । कस्बे में बीते सात दिनों से नलों में गंदा पानी आ रहा है जिसकी कोई सुध लेने वाला नही है जलदाय विभाग की उदासीनता जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है । मांडल कस्बे के बलाई मोहल्ले के वाशिंदो को विभाग द्वार गंदा और मटमेला पानी सप्लाई किया जा रहा है । पिछले 7 दिनो में लगातार तीन बार नलों में गंदा पानी आया जिससे मोहल्ले वासियों में आक्रोश है । जलदाय विभाग द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है । वही एक तरफ गंदा पानी आ रहा है तो दूसरी ओर कस्बे के गोपाल द्वारा स्कूल के पास भी एक महीने से अधिक समय से पेयजल सप्लाई बाधित है लोग टैंकर मंगवाकर पीने के पानी को मजबूर हो रहे है।

# निशुल्क नेत्र परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 20 दिसम्बर से

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय निशुल्क जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 20 दिसंबर को आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा।समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन डीएनबी द्वारा 20दिसंबर को नेत्र रोगियों की शुगर, ब्लड प्रेशर कि निशुल्क जांच की जाएगी, जांच के दौरान आंखों में दवाई डालकर ऑपरेशन योग्य रोगियों को चयनित किया जाएगा। उन सभी जरूरतमंद ऑपरेशन योग्य रोगियों के 21 दिसंबर को स्पर्श हॉस्पिटल में ऑपरेशन किए जाएंगे, 22 दिसंबर को निशुल्क दवाइयां व काले चश्मे वितरित किए जाएंगे एवं 23 दिसंबर को नेत्र रोगियों की पुन जांच की जाएगी

# उपजिला चिकित्सालय जहाजपुर में रिलीफ सोसाइटी की बैठक, कई विकास प्रस्तावों पर चर्चा व अनुमोदन

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** उपजिला चिकित्सालय जहाजपुर में आज अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) शाहपुरा नरेंद्र रेगर की अध्यक्षता में रिलीफ सोसाइटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व बैठक के प्रस्तावों की समीक्षा की गई तथा नए प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किए गए।

ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भागीरथ मीणा ने बताया कि बैठक में चिकित्सालय में एसटीपी प्लांट के रखरखाव एवं संचालन, हेल्थ सर्टिफिकेट शुल्क में वृद्धि, ऑपरेशन थिएटर की मरम्मत, वार्ड, लेबर रूम एवं कार्यालय के टॉयलेट्स की मरम्मत, हीटर, कंप्यूटर सेट व अलमारी की खरीद, टाइल्स, फर्श एवं प्लास्टर की मरम्मत सहित अन्य आवश्यक कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन के लिए रखा गया।

बैठक में उपस्थित विधायक गोपीचंद मीणा ने चिकित्सालय की किसी भी आवश्यक आवश्यकता की पूर्ति हेतु सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं एडीएम नरेंद्र रेगर ने चिकित्सालय विकास के लिए सीएसआर के माध्यम से भामाशाहों का सहयोग लेने के निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा ने चिकित्सालय की सामान्य साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु नगर पालिका को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। बैठक में सोसाइटी सदस्यों द्वारा जनभागिता बढ़ाने, जनहित में तत्परता से कार्य करने तथा अवकाश के दिनों में भी जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर अपने विचार रखे गए।

बैठक के उपरांत अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया और नियमित साफ-सफाई की जांच तथा 24 घंटे तत्परता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक में ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भागीरथ मीणा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. नईम अख्तर, चिकित्साकर्मी, नर्सिंग कार्मिक, लेखाकार एवं कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

# वक्फ संपत्तियों को अपडेट करने के लिए 23-24 को शिविर का आयोजन

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले भर की वक्फ संपत्तियों को सरकार के निर्देशानुसार ऑन रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया में गत दिनों पोर्टल पर अपलोड की गई वक्फ संपत्तियों में कई तरह की खामियां पाई गई उन्हें चेकर एवं अप्रूवल लेवल पर रिजेक्ट कर दी गई है उन्हें फिर से दुरस्त करने के लिए सीरत सराय चैरिटी ट्रस्ट एवं इंतजामिया कब्रिस्तान कमेटी चैरिटी ट्रस्ट भोपालगंज की ओर से दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए सीरत सराय के मुख्य प्रबंधक जाकिर हुसैन सिलावट ने बताया कि वक्फ पोर्टल अभी बंद है लेकिन पोर्टल पर दोबारा कार्य शुरू होने से पहले वक्फ जायदाद के प्रबंधकों को रिजेक्ट हुई संपत्तियों का ब्यौरा सही करने तथा अपलोड होने से बाकी रही वक्फ जायदाद को सही तरीके से अपलोड करने के लिए आगामी 23 एवं 24 दिसंबर मंगलवार एवं बुधवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सीरत सराय में कैंप लगाया जा रहा है, इसमें राजस्थान बोर्ड आफ मुस्लिम वक्फ जयपुर से कनिष्ठ सहायक मोहसिन गौड़ शिरकत करेंगे और सही तरीके से वक्फ जायदाद अपलोड करने का प्रशिक्षण देंगे और अब तक रही खामियों को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा ।

सिलावट ने वक्त संपत्तियों के प्रबंधकों से अपील की है कि कैंप में हिस्सा लेकर गंभीरता से अपनी सभी वक्फ संपत्तियों को सही तरीके से अपलोड करावे और सामने आने वाली बेजा परेशानियों से बचें, साथ ही जिन्होंने अपलोड का कार्य पूर्ण कर लिया है उसकी जानकारी भी कैंप में दी जाए ताकि उनका प्रॉपर मिलान किया जा सके ।

# एनएसएस विशेष शिविर के पंचम दिवस लोककल्याण व डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** राजकीय महाविद्यालय रायपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर के उद्देश्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया तथा स्वयंसेवकों को सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्व की भावना के साथ शिविर गतिविधियों में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया।

पंचम दिवस के प्रातः कालीन सत्र में करेड़ा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा दाधीच मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने 'केंद्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाएं' विषय पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में डॉ. दाधीच ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके उद्देश्य, लाभार्थी वर्ग, आवेदन प्रक्रिया एवं सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा को पहुँचाना




है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन संभव हो सके। डॉ. दाधीच ने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी न केवल स्वयं प्राप्त करें, बल्कि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक भी पहुँचाएँ, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उनका व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसे स्वयंसेवकों ने ध्यानपूर्वक सुना।

प्रातःकालीन सत्र के उपरांत जलपान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पश्चात सायंकालीन सत्र में श्री अभिषेक जायसवाल, ई-मित्र संचालक, द्वारा स्वयंसेवकों हेतु डिजिटल साक्षरता एवं युवा विषय पर व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अपने संबोधन में श्री जायसवाल ने डिजिटल युग में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता न केवल आवश्यकता है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, एनएसपी (नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल) पर आईडी बनाना, छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन करना, एबीसी आईडी बनाने जैसी प्रक्रियाओं का लाइव एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण सत्र के माध्यम से स्वयंसेवकों को डिजिटल माध्यमों का सही एवं प्रभावी उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे वे भविष्य में शिक्षा एवं सरकारी सेवाओं से संबंधित विभिन्न कार्यों को स्वयं कर सकें।


# ब्राह्मण बड़ा नागदा समाज कल्याण संस्थान का वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह 21 को

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

ब्राह्मण बड़ा नागदा समाज कल्याण संस्थान की ओर से बड़ा नागदा ब्राम्हण समाज की प्रतिभाओं के प्रोत्साहनार्थ वर्ष 2025 का वार्षिक सम्मान समारोह रविवार, 21 दिसंबर को प्रातः 10.15 बजे उदयपुर शहर के समीप बेदला माता जी मन्दिर के पास स्थित धाकड गार्डन में किया जाएगा।

समाज के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस समारोह में वर्ष 2024 व 2025 की अवधि में विशेष योग्यता प्राप्त प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके संबंध में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कक्षा 10वीं, 12वीं, स्नातक व अधिस्नातक परीक्षा वर्ष 2024 व 2025 में 75 प्रतिशत व उससे अधिक अंको से उत्तीर्ण बालक-बालिकाएं, पीएचडी उपाधि धारक, शिक्षा, खेलकूद, साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक व प्रशासनिक आदि क्षेत्रो में राज्य या राष्ट्र स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि एवं पुरूस्कार प्राप्त करने वाली प्रतिभाएं, प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर नियुक्ति व पदोन्नति प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिनिधि, 80 वर्ष व अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक एवं समाज हित मे विशिष्ट योगदान देने वाले भामाशाहों को सम्मानित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा व रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर समाज हित में आगामी वर्ष की कार्ययोजनाओं के साथ विकास के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# अतिवृष्टि मुआवजे के लिए पोर्टल पर पटवारी की आईडी से लॉगिन में समस्या, किसान परेशान



स्मार्ट हलचल

**बेरा।** जिले में राजस्थान डीएमआईएस पोर्टल पर पटवारी की आईडी मैप नहीं चलने से किसानों के अतिवृष्टि मुआवजे के फॉर्म अपलोड नहीं हो रहे हैं जिससे किसानों के मुआवजे में देरी की संभावना बताई जा रही है । पटवारी अक्षय कुमार जीनगर ने बताया कि रायला बनेड़ा बेरा रूपाहेली खुर्द लांबिया कला बरण बबराणा एवं कई जगह समस्या आ रही है । पोर्टल पर मैप अपलोड नहीं होने की वजह से किसानों के फॉर्म आवेदन पेंडिंग पड़े हुए हैं समस्या ठीक होते ही जल्दी ही अपलोड कर दिया जाएगा।

# पेंशनर्स मंच उप शाखा चौमू का वार्षिक पेंशनर्स सम्मान समारोह मनाया

## 70 एवं 80 वर्षीय 134 पेंशनर्स का किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**चौमूं।** राजस्थान पेंशनर्स मंच, जयपुर उप शाखा चौमू का 21वां वार्षिक पेंशनर्स सम्मान समारोह बुधवार को सुबह शहर के रेनवाल रोड स्थित शीश महल गार्डन में विप्र कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार जयपुर की पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया द्य जिसमें शर्मा ने 70 एवं 80 वर्षीय 134 पेंशनर्स का शॉल ओढ़ाकर एवं बैग



देकर सम्मान करते हुए कहा कि पेंशनर्स के सेवाकाल के अनुभवो का लाभ लेना चाहिए द्य इस अवसर पर पेंशन स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशन मंच जयपुर के जिलाध्यक्ष गुलाबचंद लांबा ने की तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि नगर परिषद चौमू के सभापति विष्णु कुमार सैनी, पेंशन मंच जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश क्रांतिकारी, चौमू थानाधिकारी प्रदीप शर्मा, आरएलपी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, आशा कालरा, राजस्थान पेंशनर्स मंच जयपुर के प्रदेश महामंत्री विष्णु दत्त, विराज फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी रहे द्य मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव एवं पदाधिकारी मोहन लाल सैनी, मदनलाल शर्मा, वैद्य रामविलास शर्मा, रामपाल कुमावत, मंत्री सीताराम बुनकर, राम मनोहर शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, भैरू लाल यादव, सत्यनारायण शर्मा, ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया द्य मंच संचालन नरेंद्र सिंह सोलंकी ने किया।

# मेवाड़ वागड़ खेल महोत्सव 2026 में 20पुरुष क्रिकेट टीम उतरेगी मैदान में



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

मेवाड़ वागड़ खेल महोत्सव 17 से 20 जनवरी 2026 को फील्ड क्लब उदयपुर में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर के जिलाध्यक्ष प्रवीण चरपोटा व प्रदेश सचिव लाल चंद ऐचरा के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है। जिसमें उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ व चित्तौड़गढ़ की टीमें भाग लेंगी। इस खेल कूद प्रतियोगिता में 20 टीमें पुरुष व दो टीमें लीजेंड सहित 22 पुरुष क्रिकेट टीमें अपना भाग लेंगी वही महिलाओं की 10 टीमें रस्साकसी,6 महिला कबड्डी टीमें,6 महिला क्रिकेट टीमें और 40 महिलाएं दौड़ में अपना दमखम दिखाएंगी। नर्सेज के हाथ हमेशा इंजेक्शन नज़र आता है पर क्रिकेट के मैदान में बेट बोल नजर आएंगी। नरेश पूर्बिया ने बताया कि प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन गत दिनों सेटेलाइट हास्पिटल अम्बामाता के अधीक्षक डॉ राहुल जैन व डॉ नाजिमा आर वी प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सत्यवीर सिंह तंवर, नारायण सिंह राठौड़, नर्सिंग अधीक्षक रतन लाल सोलंकी, रमेश आमेटा, ओमप्रकाश सिसोदिया, आशा कलासुआ, अशोक डोडियार, आदित्य आर्य,नुरजहा मंसुरी,फतेह कुमारी असरवा, ललीता मीणा,भरत टेलर, राजेश मीणा, आशा, राजविंदर, पार्वती, रेखा, सुरेश कलाल,दिंगपाल सिंह, योगेश,रीना, रोशनी, शिवानी, रेखा पूर्बिया,नीता पूर्बिया, धवल द्विवेदी, कैलाश डोडियार, अभीषेक आहारी सहित कई सिनियर नर्सिंग आंफिसर उपस्थित थे।

# भानु शर्मा आईएएस ( प्रशिक्षु) सहायक कलेक्टर भरतपुर को नगरपालिका वैर का संभाला कार्यभार

## नगरपालिका वैर का अधिशाषी अधिकारी का कार्य भार ग्रहण कर लिया है

स्मार्ट हलचल

**वैर।** पहली बार नगर पालिका वैर के अधिशाषी अधिकारी का कार्य भानु शर्मा आईएएस ( प्रशिक्षु) सहायक कलेक्टर भरतपुर को सौपा गया है। भानु शर्मा आईएएस ने दिनांक 17 दिसंबर को मध्यान्ह पश्चात नगरपालिका वैर में अधिशाषी अधिकारी का कार्य ग्रहण कर लिया है। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर भरतपुर के आदेश दिनांक 16 दिसंबर 25 के अनुसार अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका वैर का पद रिक्त होने के कारण भानु




शर्मा आईएएस (प्रशिक्षु) सहायक कलेक्टर भरतपुर अग्रिम आदेशों तक अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका का कार्य संपादित करेंगे। इसी आदेश की पालना में भानु शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया है।

# कस्बे के सूने मकान से लाखों की चोरी, दिनदहाड़े चोरी से लोगों में दहशत

## 15 लाख नगदी, 30 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी चुराकर ले गए चोर

स्मार्ट हलचल| लाखेरी

उपखंड क्षेत्र के इन्द्रगढ़ मे गुरुवार शाम को एक सुने मकान में से चोरों ने चोरी की की बड़ी घटना को अंजाम दिया। इन्द्रगढ़ पुलिस थाने मे दी गई रिपोर्ट के अनुसार किराना व्यापारी अशोक गर्ग के छोटे जैन मंदिर के पीछे स्थित मकान से गुरुवार को शाम अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई। मकान मालिक अशोक गर्ग ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे घर पर ताला लगाकर परिवार सहित निजी कार्य से कोटा गए थे, जब रात्रि करीब 10.00 बजे कोटा से वापस इन्द्रगढ़ घर लौटे तो घर के ताले टूटे मिले और सामान इधर उधर बिखरे होने पर घटना का पता चला। घटना का पता चलते ही घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई। गुरुवार रात्रि में ही मकान मालिक अशोक कुमार गर्ग ने इन्द्रगढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसमें अज्ञात चोरों द्वारा घर की आलमारी में रखे गए 15 लाख रुपए नगदी, 30 ग्राम सोना के जेवर, 500 ग्राम चांदी के जेवर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। रिपोर्ट के बाद इन्द्रगढ़ पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की



बारीकी से जांच की एवं कार्यवाही प्रारंभ की।

बूंदी की फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, बारीकी से की जांच

इन्द्रगढ़ मे चोरी की घटना की सूचना मिलने पर बूंदी से फोरेंसिक टीम घटनास्थल इन्द्रगढ़ पर पहुंच कर घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाए फॉरेंसिक टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल की सूक्ष्म जांच की गई एवं साक्ष्य जुटाए।

### इन्द्रगढ़ क्षेत्र मे पूर्व में हुई चोरियों का नहीं हुआ खुलासा, आमजन मे रोष

इन्द्रगढ़ शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे लगातार चोरियों की वारदात हो रही है, जिसमें से अधिकांश का खुलासा नहीं होने से आमजन मे रोष है। आमजन की मांग ही चोरो को गिरफ्तार करके चोरियों का खुलासा किया जाए। साथ ही बाहर से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

### कांग्रेस व्यापार उद्योग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस व्यापार उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, व अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री सन्मति जैन हरकारा ने बताया कि इन्द्रगढ़ शहर में इतनी बड़ी चोरी होने से आमजन में भय उत्पन्न हो गया है। पुलिस द्वारा जल्द ही चोरों को पकड़कर, चोरी का खुलासा नहीं किया गया तो जनआंदोलन किया जाएगा।

# लौहार कॉलोनी में वर्षों से जल संकट, नाली व सड़क निर्माण की मांग




स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** उपखंड की ग्राम पंचायत मेडिया पंचायत समिति ब्यावर अंतर्गत लौहार कॉलोनी, शौभापुरा में लंबे समय से व्याप्त पेयजल संकट और नाली निर्माण की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। कॉलोनीवासियों ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर जल्द समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले करीब 15 वर्षों से इस क्षेत्र में स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं, लेकिन अब तक घरों में नियमित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो पाई है। कई घरों में पानी के कनेक्शन होने के बावजूद नलों में नियमित रूप से पानी नहीं आता, जिससे ग्रामीणों को 6 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। इससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में सरपंच, तहसीलदार, उपखंड अधिकारी, जिला कलेक्टर और जलदाय विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायतें दी गईं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पानी की कमी के कारण ग्रामीणों का जीवन दूभर हो गया है। इसके साथ ही, कॉलोनी में घरों के बाहर से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। कच्ची सड़क होने के कारण घरों के बाहर पानी भर जाता है, जिससे गंदगी फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मच्छरों के कारण बच्चों सहित कई लोग बार-बार बीमार हो रहे हैं।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर तुलसार कॉलोनी में घरों तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, नालियों का निर्माण कराया जाए तथा सड़क निर्माण कराकर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।

# केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने जिला अस्पताल महुवा का किया




स्मार्ट हलचल

**महुवा।** केबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को महुवा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, मौके पर अस्पताल में भरती मरीजों से बातचीत की और इमरजेंसी वार्ड में आए मरीजों का तुरंत जांच करवा कर डॉक्टर को दवा लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के वार्डों, दवा-वितरण काउंटर, पर्ची काउंटर, सफाई व्यवस्था की जांच की और पीएमओ राम सिंह मीणा व डॉक्टरों को आमजन कोअच्छी चिकित्सा व्यवस्थाओं देने के दिशा निर्देश दिए। और कहा है कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करूंगा आमजन के प्रति व्यवहार में सुधार करें। क्योंकि आम जनता मेरा परिवार है।

# फैक्ट्री जाते समय श्रमिक की मौत,मुआवजे को लेकर हंगामा

## 11 लाख की सहायता पर बनी सहमति

स्मार्ट हलचल| मंगरोप



मंगरोप थाना क्षेत्र के कुम्हारिया निवासी महावीर सिंह (43) पुत्र नंदसिंह किशनावत की फैक्ट्री जाते समय अचानक तबीयत बिगड़ने से मृत्यु हो गई।परिजन व साथियों द्वारा उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया,जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिजन,राजपूत समाज के लोग एवं अन्य ग्रामीण मंडपिया



स्टेशन के समीप स्थित जानकी प्रोसेस फैक्ट्री के बाहर एकत्र हो गए और मृतक के आश्रित परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।इससे फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया।ग्रामीण भगत सिंह ने बताया कि महावीर सिंह पिछले करीब 25 वर्षों से जानकी प्रोसेस फैक्ट्री में पीस फोल्डिंग मशीन पर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे।वे एक मेहनती,ईमानदार और अनुभवी श्रमिक थे।उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।मृतक के परिवार में एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं,जो पूरी तरह उनकी आय पर निर्भर थे। सूचना मिलने पर मंगरोप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश कर हालात को नियंत्रित किया।इसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन और मृतक के परिजनों के बीच वार्ता हुई। लंबी चर्चा के पश्चात फैक्ट्री प्रबंधन ने मृतक के आश्रित परिवार को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने पर सहमति जताई, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में शोक की लहर है।

# महाराणा कुम्भा ट्रस्ट के चुनाव संपन्न, 465 सदस्यों ने किया मतदान

## 31 ट्रस्टी हुए निर्वाचित, हेमेन्द्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष, भगवत सिंह राठौड़ (खारड़ा), निर्विरोध निर्वाचित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** महाराणा कुम्भा ट्रस्ट के नए पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव निर्विवाद और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। महाराणा कुम्भा ट्रस्ट के ट्रस्टीज का चुनाव ट्रस्ट परिसर में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। चुनाव में ट्रस्ट के 496 आजीवन सदस्यों में से 465 सदस्यों ने मतदान कर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। निर्वाचन अधिकारी राहुल देव सिंह महाप्रबंधक (जिला उद्योग केंद्र, भीलवाड़ा), अतिरिक्त निर्वाचन अधिकारी राम सिंह चूंडावत एवं मतदान अधिकारी गंगा सिंह राठौड़ (पूर्व विकास



अधिकारी), जगदीश शक्तावत (व्याख्याता), और अजीत सिंह राठौड़ (व्याख्याता) थे। इस प्रक्रिया में कुल 31 ट्रस्टी निर्वाचित हुए। निर्वाचित ट्रस्टियों ने सर्वसम्मति से अपने पदाधिकारियों का निर्वाचन किया। कार्यकारिणी के प्रत्येक पद हेतु एक-एक आवेदन पत्र ही प्राप्त होने के कारण, मुख्य निर्वाचन अधिकारी गंगा सिंह राठौड़ ने पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की और उन्हें शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष हेमेन्द्र सिंह राठौड़ (डाबला), उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राणावत (जामोली), गोविंद सिंह शक्तावत (भीलवाड़ा रावला), सचिव भगवत सिंह राठौड़, (खारड़ा), सह सचिव सुरेन्द्र सिंह राठौड़ (मोटरास), कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौड़ (नीम का खेड़ा), कार्यकारिणी सदस्य जयराज सिंह राठौड़ (बलदरखा), किरण सिंह चूण्डावत (दौलतगढ़ आसींद), धर्मेन्द्र सिंह शक्तावत (मण्डपिया शक्तावतों का), रामचरण सिंह राणावत (भूणास), योगेन्द्र सिंह राठौड़ (रूपाहेली कलाँ) नियुक्त हुये। पूर्व अध्यक्ष ठा. मणिराज सिंह लुहारिया ने चुनाव निर्विवाद और शांतिपूर्वक संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# किराए के भवन में संचालित हो रहा है उपरेडा में डाकघर, मकान मालिक बनाता है खाली करने का दबाव, शिविर में बताई समस्या

स्मार्ट हलचल| बनेड़ा

राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को ग्रामीण सेवा शिविर का फोलो केंप उपरेडा ग्राम पंचायत मुख्यालय आयोजित किया गया । शिविर के दौरान उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया के समक्ष उप डाक घर के डाकपाल मदन लाल वैष्णव ने प्रार्थना पत्र पेश कर के बताया कि गांव में पिछले 43 साल से डाकघर संचालित हो रहा हैं। मगर विभाग का भवन नही होने से किराए के भवन मे उप डाकघर चल रहा है। साथ ही मकान मालिक द्वारा भवन खाली करने तथा किराया बढ़ाने का बार बार दबाव बनाया जाता है। जिसके कारण काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। जिस पर शिविर प्रभारी ने ग्राम विकास अधिकारी को जमीन चिन्हित करने के निर्देश प्रदान किए गए। जिसके



बाद ग्राम विकास अधिकारी और प्रशासक द्वारा 2500 वर्ग फिट जमीन विभाग को निःशुल्क देने के साथ ही शिविर के दौरान ही उप डाक घर के नाम पट्टा जारी किया गया। साथ ही महिला एव बाल विकास विभाग द्वारा शिविर के दौरान गर्भवती महिला की गोदभराई अन्नप्रासंन पुर्व शिक्षा प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा निक्षय पोषण किट तथा आयुष्मान आरोग्य कार्ड वितरित किए गए। शिविर के दौरान तहसीलदार संतोष सुनारीवाल के साथ अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर प्रभारी परसोया ने पुर्व में आयोजित शिविरों के बकाया प्रकरणों निस्तारण के सभी विभागों को निर्देश दिए गए।

# भाजपा के लिए शर्मनाक अपने ही कार्यालय के बाहर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाया, डंडे बरसाए लाते मारी

## कोंग्रेस ने भी अभद्रता की हदे पार कि, पद की गरिमा की नही रखा ख्याल

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** चित्तोड़गढ़ कोंग्रेस ने भाजपा के जिला कार्यालय पहुंच कर भाजपा के घर में जमकर उत्पात मचाया। भाजपा कार्यालय के बाहर ही देश के प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया है। जिसे लातों और डंडों से पीटा गया है। जो जिला भाजपा के लिए बड़ी शर्मनाक बात है, वही कोंग्रेस ने भी राजनीतिक द्वेषता के चलते अभद्रता की सारी हदें पार कर दी।

चित्तौड़गढ़ में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया के नेतृत्व में बुधवार 17 दिसम्बर को जिला भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मोदी के पुतले पर लाते मारी और डंडे बरसाए। जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, इस मौके पर उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

बता दे कि यह प्रदर्शन दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आए ताजा घटनाक्रम के बाद किया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि यह प्रदर्शन न्याय के समर्थन और लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग के विरोध में आयोजित किया गया ताकि



आम जनता तक पार्टी का पक्ष साफ और स्पष्ट रूप से पहुंचाया जा सके। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ नारे लगाए। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है।

मामले को लेकर कोंग्रेसियों द्वारा अभद्रता की सारी हदें पार करते हुए ना सिर्फ प्रधानमंत्री का पुतला फूंका बल्कि पुतले पर डंडे बरसाए ओर लाते मारी, यह सिर्फ राजनीतिक द्वेषता के चलते लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक में रखकर सीधे सीधे प्रधानमंत्री पद की गरिमा को तार तार किया गया।

### भाजपा की चुप्पी सोचनीय विषय

यह शर्मशार करने वाली घटना भाजपा जिला कार्यलय के बाहर हुई जो सबको चोंकाने वाली थी बाबजूद इसके भाजपा जिलाध्यक्ष से लेकर सभी जिले के विधायक और सांसद तक चुप नजर आए, जिससे लगता है भाजपाइयों में भी अपने प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान का कोई मूल्य नही रहा।

### कोंग्रेसियों पर दर्ज हो सकता है मुकदमा

प्रधानमंत्री का पद अपने आप मे बहुत बड़ा पद होता है जिसकी गरिमा हर किसी को रखनी होती है, लेकिन यहाँ पद की गरिमा को तार तार किया गया था और अभद्रता की सारी हदे पार की गई थी ऐसे में भाजपा सोई हुई है अन्यथा कोंग्रेसियों पर ऐसी हरकत के लिए मामला दर्ज करवाया जा सकता है।

### ऐसे मामले में पहले भी हुआ है मामला दर्ज

18 अप्रैल 2025 को अजमेर के जीसीए चोराये पर कोंग्रेसियो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाते हुए ऐसे ही अभद्रता की गई जिसके बाद न्यू गोविंद नगर रामगंज निवासी रवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज करवाया था।

### रावतभाटा के मंडेसरा में नृशंस हत्या

# पत्नी ने कुल्हाड़ी से काटा पति बालू लाल का गला, फिर कुएं में कूदी




स्मार्ट हलचल | रावतभाटा (चित्तौड़गढ़)

चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा थाना क्षेत्र के ग्राम मंडेसरा में एक महिला ने खौफनाक वारदात को अंजाम देते हुए अपने पति की नृशंस हत्या कर दी। आरोपी पत्नी लाली बाई ने अपने पति बालू लाल (40) पर सोते समय कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी गर्दन धड़ से अलग कर दी। वारदात के बाद आरोपी महिला ने गांव के कुएं में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने उसे जिंदा बाहर निकाल लिया।

### अवैध संबंधों के शक में वारदात

पुलिस की शुरुआती जांच और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, लाली बाई को अपने पति बालू लाल के चरित्र पर शक था। उसे संदेह था कि पति के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं, जिसे लेकर घर में अक्सर झगड़ा होता था। इसी विवाद के चलते बुधवार देर रात लाली बाई ने सोते हुए बालू लाल पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

सूचना पर पहुंची रावतभाटा पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपी महिला लाली बाई को हिरासत में ले लिया है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# कोली समाज समिति का कार्यकाल समाप्त होने पर कार्यकारिणी भंग

स्मार्ट हलचल | कोटा

कोली समाज डीसीएम पंचायत, सिद्धार्थ महावर कोली समाज विकास समिति इन्द्रागाँधी नगर डीसीएम के पंचो द्वारा आमसभा आयोजित की गई। जिसमें समिति का कार्यकाल समाप्त हो जाने पर समस्त पंचो द्वारा सर्वसम्मति से कार्यकारिणी कि भंग कि घोषणा कर, पुनः समिति के आम चुनाव कराए जाने का निर्णय लिया गया।

एक माह में डीसीएम पंचायत के अधिकृत सदस्यों द्वारा चुनाव आयोजित करवाकर निर्वाचन प्रक्रिया से अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। बैठक में समिति के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व पदाधिकारी व कोली समाज डीसीएम पंचायत के सम्मानित पंच उपस्थित रहे।

# बांसवाड़ा बना शिक्षा चिंतन, नवाचार और संगठन शक्ति का केंद्र, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश स्तरीय शैक्षिक महाकुंभ में उमड़ा शिक्षक महासैलाब

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के तत्वावधान में बांसवाड़ा जिले के डांगपाड़ा स्थित लिओ इंटरनेशनल संस्थान में आयोजित प्रदेश स्तरीय शैक्षिक महाकुंभ रविवार को प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय सम्मेलन ने शिक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के मुद्दों पर गहन मंथन का मंच प्रदान किया। उद्घाटन सत्र में राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी



ने आशीर्वचन प्रदान करते हुए शिक्षकों को समाज का मार्गदर्शक बताते हुए शिक्षा को संस्कारों से जोड़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय शैक्षणिक महासंघ के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश अध्यक्ष रमेश पुष्करणा ने की।

प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा ने संगठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश का सबसे बड़ा शिक्षक संगठन है। उन्होंने जानकारी दी कि इस शैक्षिक महाकुंभ में प्रदेश के 41 जिलों के 402 ब्लॉकों से शिक्षक प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संगठन के राजस्थान में 2 लाख 75 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य हैं, जो न केवल शिक्षक हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बदलते समय के अनुरूप नवाचार को अपनाते हुए विद्यार्थियों में नैतिकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के संस्कारों का संचार करें। उन्होंने राज्य सरकार की।

# भारत-ईयू एफटीए को लेकर नीदरलैंड का समर्थन महत्वपूर्ण



स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

भारत यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत को लेकर एक 'निर्णायक दौर' में प्रवेश कर रहा है और ऐसे समय में नीदरलैंड सहित प्रमुख ईयू सदस्यों का समर्थन महत्वपूर्ण है।

नई दिल्ली के आधिकारिक दौरे पर आए नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील के साथ अपनी मुलाकात के दौरान विदेश मंत्री डा0 जयशंकर ने कहा की ह्नभारत नीदरलैंड के साथ अपने रिश्तों को बहुत महत्व देता है, चाहे वह द्विपक्षीय हो या यूरोपियन यूनियन में उसकी भूमिका को लेकर हो। हमारे बीच पिछले कुछ महीनों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं, जिन्होंने हमारे सहयोग में और आयाम जोड़े हैं। इस जुड़ाव को और गहरा करने की गुंजाइश है।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा आज नई दिल्ली में नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वैन वील से मिलकर खुशी हुई। हमने व्यापार, रक्षा, शिपिंग, पानी, कृषि, स्वास्थ्य और संस्कृति सहित अपने द्विपक्षीय सहयोग पर उपयोगी चर्चा की और सेमीकंडक्टर, टैलेंट मोबिलिटी तथा रिन्यूएबल्स में नए अवसरों पर भी बात की। हमने अपने बहुपक्षीय सहयोग और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत-ईयू संबंधों को मजबूत बनाने और एफटीए को पूरा करने के लिए नीदरलैंड्स के समर्थन की हम सराहना करते हैं।

वहीं दूसरी ओर नीदरलैंड के विदेश मंत्री ने अपनी टिप्पणी में बदलते वैश्विक भू-राजनीति के बीच समान विचारधारा वाले लोकतंत्रों को और अधिक मिलकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा इस अशांत समय में जब भू-राजनीति बदल रही है, हम जैसे देशों को, जो लोकतंत्र, अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था और मुक्त व्यापार का पालन करते हैं, एक साथ रहने और समय की कसौटी पर खरा उतरने के लिए अपने सहयोग को तेज करने की आवश्यकता है।

इससे पहले दिन में जयशंकर ने मल्टी-पार्टी संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों के साथ बातचीत की, जिन्होंने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। विदेश मंत्री ने प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर भारत के विचारों को पेश करने में उनकी भूमिका की प्रशंसा की। इसके साथ ही जयशंकर ने वैश्विक मंच पर भारत के रुख को प्रभावी ढंग से रखने के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

# राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की बैठक में हिस्सा लेंगे राहुल भटनागर

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण की 28वीं महत्वपूर्ण बैठक 21 दिसंबर 2025 (रविवार) को पश्चिम बंगाल के सुंदरबन टाइगर रिज़र्व में आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 9 बजे से केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में होगी।

इस उच्चस्तरीय बैठक में ग्रीन पीपल सोसाइटी के अध्यक्ष एवं NTCA के सदस्य राहुल भटनागर को आमंत्रित किया गया है। उनका आमंत्रण पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और व्याघ्र संरक्षण के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान और सक्रिय भूमिका को रेखांकित करता है।

इस बैठक में देशभर के व्याघ्र अभयारण्यों की स्थिति, संरक्षण रणनीतियों, मानव-वन्यजीव संघर्ष, सुंदरबन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर गहन मंथन किया जाएगा। माना जा रहा है कि राहुल भटनागर बैठक में सामुदायिक सहभागिता, हरित पहल और सतत संरक्षण मॉडल पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखेंगे।

यह बैठक न केवल राष्ट्रीय स्तर पर व्याघ्र संरक्षण की दिशा तय करेगी, बल्कि सुंदरबन जैसे वैश्विक महत्व के पारिस्थितिक क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों को नई गति देने में भी अहम साबित होगी।

# भजनलाल सरकार के दो वर्षो का कार्यकाल विकास की मजबूत नींव साबित हुआ है: विधायक आक्या

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**बस्सी।** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने गत दो वर्षों में जनसेवा और विकास को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाते हुए अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की दिशा में नई गति पकड़ी है। जनता से सीधा संवाद, समस्याओं का त्वरित समाधान और पारदर्शी कार्यशैली भजनलाल सरकार की पहचान रही है। उनके दो वर्षो का कार्यकाल क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव साबित हुआ है। अतिवृष्टि से किसानो की फसल को हुए नुकसान पर विशेष राहत पैकेज दिया जा रहा है।



विधानसभा क्षेत्र के गांवो में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे है तथा अनेक कार्य प्रगतीरत है। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या शुक्रवार को ग्राम पंचायत घोसुण्डी, बस्सी, केलझर, पालका व सोनगर में विकास रथ के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर कर्नल रणधीर सिंह, बस्सी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गोपाल चौबे, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भंवर सिंह खरडीबावडी, नंदकिशोर कोठारी, रामस्वरूप ओझा, हरीश चंद्र सिंह, सरपंच गोपाल सिंह, सरपंच कैलाश कंवर, सरपंच नैनसिंह मीणा, कालू सिंह चौहान, किशन सुथार, प्रेमचंद भोई, जि.प.स.भंवर सालवी, रामेश्वर धाकड़, रतन भंवर सिंह, देवीलाल बैरवा, कालु बैरवा, नारायण गुर्जर, जलदेव सिंह, प्रमोद कोठारी, रामेश्वर बैरवा, कमल मीणा, यशवंत पुरोहित, सोहन खटीक, सुरेन्द्र व्यास, जगदीश भाण्ड, रतन लौहार, सुरेन्द्रसिंह, कालुलाल धाकड़, मदन सुवालका, देवीलाल मीणा, इन्द्रसिंह, गोपाल ओझा, पन्नालाल पुरोहित, मदनलाल ओझा, भैरू भील, घनश्याम तेली, आशाराम जाट, बाबरू धाकड़, हीरालाल भोई, बालु धाकड़, नन्दलाल सालवी, श्रवण रावल, भैरूलाल धाकड़, जयराज धाकड़, प्रकाश धाकड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले जाजड़ा

स्मार्ट हलचल | हरसौर

भाजपा किसान मोर्चा देहात जिलाध्यक्ष अमरचंद जाजड़ा ने शुक्रवार को दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। जाजड़ा ने नबीन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष जाजड़ा ने बताया कि मुलाकात के दौरान संगठन को और अधिक



मजबूत करने, युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक व संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ ही युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका और उनके माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने पर भी विचार-विमर्श किया। नितिन नबीन जैसे अनुभवी और संगठन निष्ठ नेता के नेतृत्व में भाजपा परिवार और अधिक मजबूत होगा। भाजपा का संगठनात्मक ढांचा अनुशासन, समर्पण और सेवा भावना पर आधारित है, जिसे नया नेतृत्व और मजबूती प्रदान करेगा।

# समारोह में महिलाओं को मिला योजनाओं का लाभ



स्मार्ट हलचल

**बारां।** जिला प्रशासन की ओर से वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में समारोह आयोजित कर विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने लाभार्थियों एलईडी स्क्रीन पर लाइव संबोधित करते हुए प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यों के बारे में जानकारी दी।

समारोह में जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल, उप जिला प्रमुख छीतरलाल मेघवाल, समाजसेवी नरेश सिंह सिकरवार, ओमप्रकाश पारेता, जयेश गालव सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत पेंशन राशि वितरण, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिड़ी योजना, पालनहार योजना के अन्तर्गत सहायता राशि वितरण, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जातियों एवं जनजाति के छात्रों को पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति, लाडो योजना के लाभार्थियों को राशि का वितरण किया गया। साथ ही हेल्थ इंशोरेंस कार्ड की इन्टर-आपरेबिलिटी की शुरूआत की गई। इस दौरान जिले के राजीविका महिला स्वयं सहायता समूह को दस करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता का चैक प्रदान किया गया। वहीं स्कूली छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील शर्मा ने किया।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त पहल, राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का लाइव प्रसारण

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** वर्तमान राज्य सरकार के सफल दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण को समर्पित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन, जिला मुख्यालय धौलपुर में किया गया। सम्मेलन का लाइव प्रसारण ब्यावर के अम्बेडकर भवन में देखा गया, जहां जिला स्तर पर भी जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से ब्यावर जिले में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।इसके तहत अनुसूचित जाति के 1249 एवं अनुसूचित जनजाति के 128 छात्र-छात्राओं को पूर्व मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि डीबीटी के माध्यम से 12,61,250 एवं 13,000 प्रदान की गई। इसी क्रम में पालनहार योजना के अंतर्गत 12,405 लाभार्थियों को 137.54 लाख, जबकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 1,23,261 पेंशनरों को 1,540.76 लाख की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान लाडो प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आराध्या, पुत्री श्रवण, के एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रथम जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर आराध्या की माता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा आराध्या को हिमालय का बेबी किट भेंट किया गया। साथ ही लाडो योजना का संकल्प पत्र भी प्रदान किया गया।

महिला सम्मेलन में ब्यावर जिले की राजीविका स्वयं सहायता समूह की 'लखपति दीदी' को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्थान महिला निधि बैंक द्वारा आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से कुल 1 करोड़ 29 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया, जिससे लखपति दीदियां अपने उद्यमों का विस्तार कर आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बन सकेंगी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं पालनहार योजना के अंतर्गत तीन-तीन लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्यावर विधायक शंकर सिंह जी रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं वास्तव में समाज परिवर्तन का आधार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से परिवार, समाज और राष्ट्र–तीनों मजबूत होते हैं। उन्होंने राजीविका समूहों की महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में की गई मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरणास्रोत बताया।

विधायक रावत ने कहा कि ब्यावर की महिलाएं शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता में नई मिसाल कायम कर रही हैं।

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ब्यावर जिले में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं ने आजीविका संवर्धन की मजबूत मिसाल पेश की है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं ताकि हर महिला आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भागीदार बन सके।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के उन्मूलन हेतु उपस्थित महिलाओं, लाभार्थियों एवं प्रतिभागियों को बाल विवाह विरोध शपथ भी दिलाई गई। शपथ के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने, बालिकाओं की शिक्षा एवं अधिकारों की रक्षा करने तथा बाल विवाह को पूर्णतः समाप्त करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के अंत में एसीईओ गोपाल लाल ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त करते हुए महिला शक्ति को नमन किया।

कार्यक्रम में ब्यावर विधायक शंकर सिंह जी रावत, जवाजा प्रधान गणपत सिंह रावत, जिला कलेक्टर कमल राम मीना, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, एसीईओ गोपाल लाल, जगदीश चौधरी (सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग) सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नाबालिग अपहरण व दुष्कर्म की मंशा का सनसनीखेज खुलासा, एक माह से फरार आरोपी पुलिस के शिकंजे में

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** अजमेर जिले में नाबालिग बालिकाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर सख्त रुख अपनाते हुए सावर थाना पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म की मंशा और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोपों में एक माह से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक अजमेर वंदिता राणा (आईपीएस) के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में



अपराधियों पर शिकंजा कसने की मुहिम जारी है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी के निर्देशन एवं वृताधिकारी केकड़ी हर्षित शर्मा के सुपरविजन में थाना सावर पुलिस ने त्वरित व प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया। थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने प्रकरण संख्या 216/2025 में कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दीपक कुमार रेगर उर्फ मनराज रेगर को गिरफ्तार किया। आरोपी बीते एक माह से पुलिस की पकड़ से बाहर था।

### घटना का विवरण

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने थाना सावर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 नवंबर 2025 की रात उसकी नाबालिग पुत्री दुकान से बाहर गई, लेकिन काफी समय तक वापस नहीं लौटी। कुछ देर बाद एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार युवक बालिका को दुकान के सामने उतारकर मौके से फरार हो गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर गणेश बाग क्षेत्र में ले गया और परिजनों को घटना बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की गंभीरता सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।

मामले में थाना सावर में धारा 137(2), 127(2), 75(2) भारतीय न्याय संहिता, धारा 11/12 पोक्सो एक्ट एवं धारा 84 जेजे एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गहन जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने लगातार दबिश देकर आखिरकार एक माह से फरार आरोपी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से मामले में आगे का अनुसंधान जारी है और अन्य पहलुओं की भी गहराई से जांच की जा रही है।

इस साहसिक कार्रवाई में थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी के साथ कांस्टेबल शिवप्रकाश एवं मुकेश कुमार की विशेष भूमिका रही।

# छात्रसंघ चुनाव पढ़ाई से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं-हाईकोर्ट

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने साफ-साफ कहा कि छात्रों को छात्रसंघ चुनाव लड़ने का अधिकार तो है, लेकिन यह पढ़ाई के अधिकार से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। जस्टिस समीर जैन की बेंच ने कई याचिकाओं को खत्म करते हुए राज्य सरकार को कहा कि छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए जल्द से जल्द एक साफ नीति बनाओ। ये याचिकाएं जय राव और कुछ अन्य लोगों ने दाखिल की थीं। कोर्ट ने 14 नवंबर को सुनवाई खत्म करके फैसला अपने पास रख लिया था। याचिका लगाने वालों का कहना था कि छात्रसंघ चुनाव छात्रों का



बुनियादी अधिकार है और सरकार उन्हें इससे दूर नहीं रख सकती। वहीं सरकार की तरफ से कहा गया कि ये कोई मौलिक अधिकार नहीं है और अभी नई शिक्षा नीति लागू करने के कारण चुनाव कराना मुश्किल है। कोर्ट ने लिंगदोह कमेटी की सलाह का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि कॉलेज सत्र शुरू होने के आठ हफ्ते के अंदर चुनाव हो जाने चाहिए। लेकिन इस बार वो वक्त भी गुजर चुका है। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी निर्देश दिया कि राजस्थान के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में लोकसभा या विधानसभा चुनाव का कोई काम न करवाया जाए। कोर्ट का मानना है कि ऐसा करने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है। पहले की सुनवाई में कोर्ट ने राजस्थान यूनिवर्सिटी पर भी टिप्पणी की थी। कहा था कि चुनाव के समय कैंपस की इमारतें किराए पर दे देने से पढ़ाई का पूरा शेड्यूल बिगड़ जाता है और यूनिवर्सिटी की हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। अब फैसला सरकार के हाथ में है। उसे छात्रसंघ चुनाव की नीति तो बनानी ही है, साथ ही ये भी देखना है कि कॉलेजों में पढ़ाई का माहौल खराब न हो। छात्र नेता इस फैसले को अपनी आधी जीत मान रहे हैं, लेकिन असली राहत तभी मिलेगी जब सरकार नई नीति लेकर आएगी।

# एनडीपीएस एक्ट में वांछित फरार आरोपी अजमेर से गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिद्धमुख थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में काफी समय से फरार चल रहे एक आरोपी को अजमेर जिले से दबोचा है।

सिद्धमुख थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस थाना सिद्धमुख में दर्ज मुकदमा संख्या 219/2025 (धारा 8/15, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट) में आरोपी जितेन्द्र सिंह रावत पुत्र घासीसिंह रावत (24 वर्ष), निवासी गोवलिया, थाना भिनाय (अजमेर) वांछित था। पुलिस टीम ने आरोपी के निवास स्थान पर दबिश देकर उसे दस्तयाब किया। सघन पूछताछ और अनुसंधान के बाद आरोपी के विरुद्ध धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (राजगढ़) रिछपाल और सहायक पुलिस अधीक्षक (वृत्त राजगढ़) अभिजीत पाटिल के निकट सुपरविजन में अंजाम दी गई। पुलिस अब आरोपी से नशा तस्करी के नेटवर्क और अन्य साथियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# फर्जी डिग्री लगाकर सरकारी नौकरी पाने वाली महिला आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में सरकारी भर्तियों में फर्जीवाड़े के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। सहायक अग्निशमन अधिकारी एवं फायरमैन भर्ती परीक्षा-2021 में फर्जी डिप्लोमा के आधार पर नियुक्ति पाने वाली अभियुक्ता सोबिया सैयद को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया है। वर्तमान में अभियुक्ता जयपुर के मालवीय नगर जोन में सहायक अग्निशमन अधिकारी के पद पर तैनात थी।

### फिजिकल टेस्ट के अंकों ने जगाया संदेह

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस



एसओजी श्री विशाल बंसल ने बताया कि जांच में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। अभियुक्ता ने लिखित परीक्षा में तो औसत प्रदर्शन किया, लेकिन शारीरिक दक्षता और प्रायोगिक परीक्षा में उसे संदिग्ध रूप से बहुत अधिक अंक मिले। वीडियो फुटेज के गहन परीक्षण और दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई, तो परत दर परत फर्जीवाड़ा खुलता चला गया।

### एक ही सत्र में तीन डिग्री

जांच में खुलासा हुआ कि सोबिया सैयद ने एक ही शैक्षणिक सत्र में कई डिग्रियां और डिप्लोमा हासिल किए। राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी कोटा से नियमित बी.टेक. की डिग्री, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग नागपुर (महाराष्ट्र) से फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग का नियमित डिप्लोमा के साथ झुंझुनूं की सिंघानिया यूनिवर्सिटी से 'सब फायर ऑफिसर' का डिप्लोमा प्राप्त किया। नागपुर और झुंझुनूं के बीच की दूरी लगभग 900 किलोमीटर है। एक ही समय में दो अलग-अलग राज्यों के संस्थानों में नियमित छात्र के तौर पर उपस्थित रहना शारीरिक रूप से असंभव है, जिसने धोखाधड़ी की पुष्टि कर दी।

अभियुक्ता ने चयन प्रक्रिया के दौरान राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड और स्वायत्त शासन विभाग को गुमराह कर नागपुर की यूनिवर्सिटी से प्राप्त डिप्लोमा प्रस्तुत कर सहायक अग्निशमन अधिकारी के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर ली। एसओजी ने इस मामले में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और 120बी के तहत केस दर्ज किया है।

### रडार पर कई और अभ्यर्थी

एडीजी विशाल बंसल ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई अभी शुरुआत है। भर्ती परीक्षा-2021 में फर्जीवाड़े की कई और शिकायतें एसओजी को मिली हैं। आने वाले दिनों में इस मामले में कई और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# बाइक सवार युवकों ने बुजुर्ग से की लूटपाट,रास्ता पूछने के बहाने बाइक पर बैठा ले गए

स्मार्ट हलचल | बानसूर

क्षेत्र में लूट की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक सवार दो युवकों ने कैंसर पीड़ित बुजुर्ग से लूटपाट कर उन्हें रास्ते में छोड़ दिया। पीड़ित सरजीत जाट निवासी भाखरवाला (रामपुर) बानसूर के सुभाष चौक पर खड़े थे। युवकों ने अलवर जाने का रास्ता पूछने के बहाने उन्हें बाइक पर बैठा लिया। बानसूर से निकलते ही भूपसेड़ा से पहले पुलिया के पास बुजुर्ग के गले से सोने की पातड़ी



और जेब से पर्स छीनकर फरार हो गए। बुजुर्ग किसी तरह घर पहुंचा। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि घटना कों लेकर पीड़ित ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं करवाया हैं। पुलिस घटना की सूचना पर मामलें की जांच में जुटी हैं।

### नही थम रहा आरजीएचएस योजना में घोटालों का सिलसिला

# अब पुलिसकर्मी निकले घोटालेबाज, एसपी ने 7 को किया सस्पेंड

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान की सरकारी कर्मचारियों के लिए चलाई जा रही आरजीएचएस योजना में घोटालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब भरतपुर जिले से एक नया मामला सामने आया है जहां पुलिसकर्मियों ने योजना का दुरुपयोग किया। स्क्र दिगंत आनंद ने सख्त कार्रवाई करते हुए सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इनमें कांस्टेबल महिला कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल शामिल हैं। सस्पेंड कर्मचारी अब ढ्रर से मुलाकात करने की तैयारी में हैं ताकि अपनी सफाई दे सकें।

### 7 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड

जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द ने बताया पुलिसकर्मियों ने आरजीएचएस योजना में कुछ पुलिसकर्मियों के द्वारा घोटाला किया गया है जिसके चलते डीजीपी के आदेश के अनुसार 7 पुलिसकर्मियों को किया सस्पेंड किया गया। सस्पेंड पुलिसकर्मियों मे कांस्टेबल, महिला कांस्टेबिल, हैड




कांस्टेबिल शामिल है।

### पहले भी हुई कार्रवाई, कई दोषी पकड़े गए

इससे पहले भी राज्य में आरजीएचएस से जुड़े घोटालों पर शिकंजा कसा गया है। पिछले कुछ दिनों में विभाग ने कई सरकारी कर्मचारियों को दोषी पाकर निलंबित किया। खासतौर पर पिछले सात दिनों में तीन से चार अस्पतालों को पकड़ा गया जो आरजीएचएस में शामिल नहीं थे लेकिन फर्जी बोर्ड लगाकर योजना का फायदा उठा रहे थे। इन अस्पतालों ने झूठे दस्तावेज बनाकर सरकारी बिल वसूले जिससे सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगा।

### फार्मा स्टोर्स पर भी गिरी गाज

घोटाले की जड़ें और गहरी हैं। कई फार्मा स्टोर्स को योजना से बाहर कर दिया गया और उन पर भारी जुर्माना ठोका जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने तीन फार्मेसी स्टोर और एक अस्पताल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसके अलावा दो डॉक्टरों समेत 12 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया।

### कार्रवाई का दौर जारी, सैकड़ों पर तलवार

विभाग की जांच अभी रुकी नहीं है। 473 अन्य कर्मचारियों और आठ एलोपैथिक तथा दो आयुर्वेद डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया तेज हो गई है। ये घोटाले सरकारी योजना की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहे हैं और कर्मचारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। सरकार का कहना है कि ऐसे मामलों में कोई बख्शा नहीं जाएगा ताकि योजना का असली फायदा जरूरतमंदों को मिले।

# नगर फोर्ट को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने तहसील को यथावत रहने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन बाजार बंद

### आमरण अनशन का 5वां दिन,जनआक्रोश ग्रामीण सेवा शिविर का किया बहिष्कार

### नगर फोर्ट तहसील क्षेत्र वासियों की विशाल आम सभा हाई सेकेंडरी चौराहे पर आज

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट तहसील को यथावत रखने व नगर फोर्ट को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर पांचवें दिन भी आमरण अनशन पर बैठे रहे ग्रामीण नगर कोर्ट के ग्रामीणों ने आमरण अनशन के पांचवें दिन भी सुबह से शाम तक बाजार बंद करवाने का निर्णय लिया लिया था नगर फोर्ट के कछुआ वासियों ने गुरुवार सुबह से संध्याकाल तक बाजार बंद रखा ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए नगर फोर्ट की सभी दुकाने बंद करवाई।

व्यापार मंडल के आह्वान पर नगर फोर्ट में दिनभर बाजार पूर्णतः



बंद रहे, जिससे आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिला।

आज राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के फॉलोअप कैंप का ग्राम नगर फोर्ट के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बहिष्कार किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण कैंप स्थल पर पहुंचे, लेकिन किसी भी प्रकार की समस्या प्रस्तुत नहीं की। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत कार्यालय के बाहर धरना देकर सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। कैंप के बहिष्कार के चलते नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी खाली बैठे नजर आए।ग्रामीणों ने घोषणा की कि कल 20 दिसंबर को तहसील क्षेत्र के सभी तहसील क्षेत्र वासियों को एकत्रित कर एक विशाल आम सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें आंदोलन को और तेज करने की रणनीति तय की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील की सौगात देकर फिर उसे छीन लेना, यह कौन सा न्याय है।आंदोलनकारियों ने सरकार की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना करते हुए चेतावनी दी कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा व अनिश्चितकालीन बाजार मैं व्यापार बंद रहेगा।

# शराबी युवकों ने कांस्टेबल से की मारपीट, गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल | ब्यावर

सेंदड़ा थाना क्षेत्र के चांग गांव में घर के बाहर शराब पीकर हंगामा कर रहे युवकों को टोकना एक पुलिस कांस्टेबल को भारी पड़ गया। नशे में धुत युवकों ने पुलिस कांस्टेबल इंद्रवेश कुमार के साथ मारपीट कर दी और घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। मारपीट में कांस्टेबल इंद्रवेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे घायल अवस्था में राजकीय



अमृत कौर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना को लेकर कांस्टेबल इंद्रवेश ने सेंदड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रवेश रद्द होने और दूर के कॉलेजों में ट्रांसफर किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल | बानसूर

नारायणपुर में श्रीमती महादेवी शिक्षण प्रशिक्षण कॉलेज की छात्राओं ने अपने प्रवेश रद्द होने और दूर के कॉलेजों में ट्रांसफर किए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया।छात्राओं ने आरोप लगाया कि कॉलेज ने पहले उनका प्रवेश स्वीकार कर लिया था, लेकिन अब इसे रद्द कर उन्हें दूर स्थित अन्य कॉलेजों में ट्रांसफर किया जा रहा है। जब छात्राओं ने प्रिंसिपल से इसका कारण पूछा तो उन्हें बताया गया कि यह पीटीईटी की गलती है और इसमें कुछ नहीं किया जा सकता।कॉलेज के सामने धरने



पर बैठी छात्राओं की वजह से सड़क पर जाम लग गया जिसकी वजह से वाहन चालकों को कुछ देर परेशानी का सामना करना पड़ा। कॉलेज की कुल 102 छात्राओं का प्रवेश रद्द कर उन्हें बहरोड़ और हरियाणा सहित अन्य दूरदराज के कॉलेजों में भेजा जा रहा है। एक छात्रा ने बताया कि उसके परिवार ने फीस भरने के लिए कर्ज लिया था। उसने चिंता व्यक्त की कि जब परिजन उन्हें नारायणपुर तक पढ़ने नहीं भेजते, तो 100 किलोमीटर दूर कैसे भेजेंगे। छात्राओं का कहना है कि इससे उनका पूरा साल बर्बाद हो जाएगा। छात्राओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने टीटी कॉलेज की छात्राओं को धमकी दी कि अगर उन्होंने टीचर ट्रेनिंग की छात्राओं का साथ दिया तो उनका प्रवेश भी रद्द कर दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नारायणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छात्राओं को समझाने का प्रयास कर रही है।छात्राओं की मुख्य मांग है कि उन्हें इसी कॉलेज में प्रवेश दिया जाए और वे किसी अन्य कॉलेज में पढ़ाई करने को तैयार नहीं हैं। मामले कों लेकर टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रिंसिपल होशियार सिंह ने बताया- छात्राओं का प्रवेश पीटीईटी के माध्यम से हुआ था। उन्होंने कहा कि पीटीईटी ने गुरुवार देर शाम छात्राओं को ईमेल भेजकर सूचित किया कि उनका प्रवेश अन्य कॉलेजों में कर दिया गया है। प्रिंसिपल के अनुसार, उनके कॉलेज में कुल 120 सीटें हैं जिनमें से 102 छात्राओं का प्रवेश रद्द कर दिया गया है और उन्हें अन्य कॉलेजों में ट्रांसफर किया गया है, जैसा कि छात्राओं को प्राप्त ईमेल से पता चला है।

# कस्बेवासी कीचड़ व गंदगी से परेशान ग्रामीण कीचड़ से निकलने पर मजबूर



स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट पलाई ग्राम पंचायत प्रशासन की अनदेखी व घोर लापरवाही के चलते हुए ग्राम पलाई में तेजाजी मंदिर से सार्वजनिक ट्यूबवैल होकर एनएच 148 ष्ठ तक ड्रील खुदवाकर, शीतला माता से पूर्व सरपंच सोहनलाल धाकड़ के मकान की ओर मय नाली सीसी रोड़ निर्माण करवाने की मांग को लेकर विधायक राजेंद्र गुर्जर को युवाओं ने ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के बारे में अवगत करवाया गया, उक्त दोनों रास्तों में नालियां के अभाव में कीचड़ युक्त पानी भरा रहता है, रास्ते में जगह जगह गहरे खड्डे व ऊबड़ कबाड़ हो रखे हैं, उक्त दोनों रास्तों में कीचड़ का आलम मचा हुआ है, राहगीरों व ग्रामीणों को कीचड़ में से ही निकलना पड़ रहा है, उक्त समस्या के बारे में कई बार ग्राम पंचायत प्रशासन, विकास अधिकारी सहित उच्चाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई है, इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपित महिला गिरफ्तार, न्यायालय में पेश कर भेजी गई जेल

स्मार्ट हलचल | सैफई

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सैफई पुलिस ने नामजद आरोपित महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई सैफई थाने में 14 सितंबर 2025 को दर्ज मुकदमे के आधार पर की गई है।

प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र राठी के नेतृत्व में हैवरा पुलिस चौकी प्रभारी अंकित पटेल, उप निरीक्षक राजकुमार और उप निरीक्षक सुमन पाल की टीम ने पड़रपुरा गांव में एक परचून की दुकान से आरोपित महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

मालूम हो कि यह मुकदमा नगला बरी, थाना वैदपुरा निवासी श्रीदेवी पत्नी विश्राम सिंह की तहरीर पर दर्ज किया गया था। आरोप है कि उनके 33 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार को उसकी पत्नी सिंकी और ससुरालीजनों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पारिवारिक विवाद, आर्थिक दबाव और कथित उत्पीड़न से परेशान होकर युवक ने 4 अगस्त 2025 को ज्ञानदास बाबा आश्रम के सामने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

परिजन का आरोप है कि मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाया गया था। घटना के बाद मृतक के मोबाइल में मौजूद कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों के आधार पर सैफई थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपों की पुष्टि होने पर कार्रवाई करते हुए आरोपित महिला की गिरफ्तारी की।

# सावर में सांसद खेल महोत्सवः ग्रामीण युवाओं की अद्भुत प्रतिभा का रोमांचक प्रदर्शन, खेलों की महफिल में उमड़ा जोश और उत्साह

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सावर के शारदा सभा मंडप में जोरदार उत्साह के साथ हुआ। यह महोत्सव साबित हुआ कि ग्रामीण युवा भी किसी से कम नहीं, उन्होंने खेलों में दमदार प्रदर्शन कर मंच पर अपनी पहचान बनाई। समारोह की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि रामलक्ष्मण शर्मा, खंड प्रमुख विश्व हिंदू परिषद सावर रहे। विशिष्ट अतिथियों में चिरंजी लाल वर्मा, विकास अधिकारी सावर और प्रियंक दाधीच, ब्लॉक कॉर्डिनेटर ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम की शुरुआत हुई मां



सरस्वती के दीप प्रज्वलन से। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन निरंजन शर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सावर ने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता प्रतिवेदन शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश जैन ने पेश किया, जिसमें पूरे महोत्सव की गतिविधियों और उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण रखा गया।

मुख्य अतिथि रामलक्ष्मण शर्मा ने कहा, 'सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण प्रतिभाओं को सामने लाने और युवाओं में खेल भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। ' प्रियंक दाधीच ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी, जबकि चिरंजी लाल वर्मा ने पराजित खिलाड़ियों को हौसला देते हुए आगे बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया।

समारोह में विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य अनिल झांकल ने सभी अतिथियों, आयोजकों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

### प्रतियोगिताओं के प्रमुख विजेताः

वॉलीबॉल और महिला कबड्डीः मेहरू कला, महिला खो-खोः मीनों का नया गांव, पुरुष कबड्डीः पारा, पुरुष खो-खोः धूंधरी, रस्साकशीः सावर टीम, इस आयोजन की व्यवस्थाओं में शारीरिक शिक्षिका पूजा गुर्जर का योगदान काबिले तारीफ रहा, जिन्होंने खिलाड़ियों और कार्यक्रम के सुचारू संचालन में अहम भूमिका निभाई। सावर सांसद खेल महोत्सव ने ग्रामीण प्रतिभाओं को न केवल मंच दिया, बल्कि खेलों में जोश, जूनून और जीत की नई उड़ान दिखाई।

# पहाड़ी जंगल में लगी आग

स्मार्ट हलचल | बानसूर

उपखंड के बासदयाल थाना क्षेत्र के समीप स्थित पहाड़ी जंगलों में शुक्रवार को अचानक अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखतें हीं देखतें जंगल में मौजूद सूखी घास और तेज हवाओं के चलते आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस औंर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची औंर ग्रामीणों



के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि की सूचना नहीं है।

# राजस्थान शिक्षक महासंघ का प्रदेश स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन सम्पन्न





## पंच परिवर्तनों के माध्यम से शैक्षिक व सामाजिक चेतना पर करेगा कार्य

स्मार्ट हलचल| कोटा

राजस्थान शिक्षक महासंघ का प्रदेश स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (मल्टीपरपज), गुमानपुरा, कोटा में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेशभर से हजारों शिक्षकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा एवं प्रदेश व जिला कार्यकारिणी द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

प्रदेश कोर कमेटी सदस्य रमीज़ राजा ने बताया कि अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेश बिरला (चेयरमैन, कोटा नागरिक सहकारी बैंक),विशिष्ट अतिथि पंकज मेहता (वरिष्ठ नेता, भाजपा), विशिष्ट अतिथि अनिल तिवारी (मीडिया प्रभारी, भाजपा) एवं चंद्रप्रकाश महावर (रामपुरा मंडल अध्यक्ष, भाजपा) द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।

मुख्य अतिथि राजेश बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, जिसकी भूमिका राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। अति विशिष्ट अतिथि पंकज मेहता ने शिक्षक हितों से जुड़ी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। वहीं अनिल तिवारी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक संस्कारों और मूल्यों का संवाहक होता है।

प्रदेश अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महासंघ द्वारा पंच परिवर्तन– सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोध, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण– पर निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों की विभिन्न मांगें मंच से प्रस्तुत कीं, जिनमें नियमित विभागीय पदोन्नति, स्थानांतरण नीति का निर्माण, गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्ति, पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने, ग्रामीण भत्ता, अवकाश अवधि में परीक्षाओं का आयोजन न करने, क्षतिपूर्ति अवकाश एवं यात्रा भत्ता, अनुकम्पा नियुक्ति में न्यूनतम तृतीय श्रेणी अध्यापक पद, तथा डीपीसी के 50 प्रतिशत पद विभागीय परीक्षा से भरने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं।

अधिवेशन में महासंघ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला कार्यकारिणी सदस्यों की व्यापक उपस्थिति रही, जिनमें हनुमान प्रसाद मेघवाल, उदयवीर सिंह कुशवाह, रोहित प्रजापति, रूपेश गुप्ता, रामेश्वर मेघवाल, अनिल शर्मा, अन्तिम जायसवाल, मुकेश आज़ाद, प्रमेन्द्र कुमावत, रईसुद्दीन खान, नरेंद्र पहाड़िया, अशोक मेहरा, एजाज खान, लोकेश शाक्यवाल, श्यामसुंदर गुप्ता, हेमंत शर्मा, हेमराज मेरोठा, ज्योति रजोरा, मधु वासवानी, विनिती चौरसिया, मनीषा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शैक्षिक अधिवेशन का मंच संचालन नीता डांगी एवं लोकेश शाक्यवाल ने किया, जबकि कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ। अधिवेशन में पारित प्रस्तावों के माध्यम से महासंघ ने शिक्षक हितों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# हरित मिलन में स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण पर मंथन



**चित्तौड़गढ़।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि का मासिक हरित मिलन अमावस्या के अवसर पर भोई खेड़ा स्थित संगम महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के नगर संयोजक गोपाल कृष्ण दादी ने बताया कि संगम स्थल पर हरित मिलन पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सह प्रांत संयोजक धर्मपाल गोयल के सानिध्य में आयोजित हरित मिलन में पहले नदी की घाटों से प्लास्टिक, पुराने कपड़े आदि हटा कर सफाई की गई। इस दौरान पेड़ पौधों की देखरेख इसके उपरांत किराना व्यापार संघ के ओमप्रकाश लड्ढा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अन्य स्थानों पर हरित मिलन चालू करने के साथ ही जनवरी 2026 में आने वाली मौनी अमावस्या के अवसर पर नदी पूजन एवं महा आरती के आयोजन, संगम घाट पर डस्टबिन तथा सूचनापट्ट लगाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सतीश सोनी, कन्हैयालाल धाकड़, गोविंद सोनी, एकल अभियान के मनोज वैष्णव, हेमंत भोई, राजकुमार भोई, रतन भोई, सत्यनारायण भोई, पप्पू भोई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य पुरुषोत्तम परिवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति और सीजेआई को अरावली बचाने हेतु याचिका पत्र लिखा

स्मार्ट हलचल| कोटा

राजस्थान की लाइफ लाइन कही जाने वाली अरावली पर्वत श्रृंखला को बचाने के लिए हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने भारत के राष्ट्रपति और सीजेआई को एक याचिका पत्र लिखकर आग्रह किया है कि में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से हम पर्यावरण प्रेमी बहुत चिंतित हैं, इस निर्णय के अनुसार अब 100 मीटर तक ऊंचाई वाले पहाड़ों पर खनन की अनुमति मिल जायेगी । पत्र में गुरुग्राम और राजस्थान में अधिकतर अरावली 30 मीटर से भी कम है, खनन माफिया पहले से ही 100 मीटर से थोड़ी ऊपर की पहाड़ियों को काटकर 100 मीटर से नीचे ला चुके हैं, ताकि आगे पूरी तरह इन्हे वो नष्ट कर सकें, क्योंकि अब 100 मीटर से कम अरावली नहीं मानी जाएगी । उन्होने सस्टेनेबल माइनिंग के बारे में लिखा कि सिर्फ रणनीतिक या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए होनी चाहिए, न कि व्यावसायिक कमाई के लिए, हजारों साल पुरानी 2.6 अरब वर्ष पुरानी अरावली सिर्फ मुनाफे के लिए नहीं हटाई जा सकती, यह पर्वतमाला उत्तर भारत के मौसम, नदियों, जैव विविधता और संस्कृति को आकार देती है । पत्र में लिखा कि हमारे देश में पर्यावरण मंत्रालय हमेशा से मौजूद है जिसने सुप्रीम कोर्ट में कभी भी इसकी रक्षा के लिए उचित कदम नहीं उठाये है तथा सरकार ने न्यायालय के समक्ष जनता का पक्ष सही तरीके से नहीं रखा, जिसके कारण 30 प्रतिशत अरावली पहले ही गायब हो चुकी है, रायसीना हिल को भी ब्रिटिश काल में समतल कर दिया गया था, तथा आजादी के बाद भी खनन कभी नहीं रुका, इसके लिए तीन प्रकार की लॉबी जिम्मेदार हैं, एनसीआर में रियल एस्टेट माफिया, राजस्थान में खनन माफिया और उदयपुर-गुजरात क्षेत्र में पर्यटन माफिया । पत्र में मांग है कि सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नेतृत्व वाली एक समिति की ओर से दी गई अरावली की एक समान परिभाषा को रद्द करे, ताकि भारत की पारिस्थितिक और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा की जा सके । साथ ही गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में फैली अरावली पर्वतमाला को ''महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी क्षेत्र'' घोषित किया जाए, अरावली की पहाड़ियों से खनन किए गए कच्चे पत्थरों का उपयोग बंद हो । उन्होने लिखा कि आपके हालिया निर्णय के मुताबिक, 90 प्रतिशत से अधिक अरावली अब संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी और खनन के लिए खोल दी जाएंगी, जिसे रूकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट संज्ञान लेकर तुरन्त कार्यवाही करें, क्योंकि हरियाणा और गुजरात में यह पहाड़ियां कम ऊंची में हैं और 100 मीटर के मानक को पूरा नहीं करतीं, श्रीमान् गरासिया जनजाति की सांस्कृतिक पहचान, आजीविका और जीवन निर्वाह सीधे तौर पर अरावली पहाड़ियों, जंगलों और इसके प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर है, ऐसे में अरावली का पूरी तरह से संरक्षण सुनिश्चत किया जाना चाहिए । 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला पर खनन को यदि नहीं रोका गया तो 90 प्रतिशत अरावली पर्वत श्रृंखला अब भविष्य में देखने को नहीं मिलेगी, इसके दुष्परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ियों को भोगने पड़ेंगे, उन्होने लिखा की सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय अरावली के डेथ वारंट पर हस्ताक्षर जैसा प्रतीत हो रहा है इसलिए सुप्रीम कोर्ट अपने निर्णय पर जनहित एवं देशहित में पुर्नःविचार कर अरावली पर्वतमाला को बचाने के लिए नई दिशा-निर्देश जारी करते हुए नया आदेश जारी करें।

# ग्राम अहलवाड़ी में कुल्हाड़ी मारकर नाबालिग की हत्या

## पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

## नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

स्मार्ट हलचल| जुरहरा

जिला डीग रेखचंद्र भारद्वाजः जुरहरा थाना क्षेत्र के ग्राम अहलवाड़ी में शुक्रवार को दो पक्षों में हुए झगड़े में एक नाबालिग लड़के की जान चली गई। गांव के दो पक्षों में बिजली की टंकी को लेकर शुरू हुए विवाद ने इतना बड़ा रुप ले लिया कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के नाबालिग लड़के के सिर में कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। मृतक के शव का जुरहरा के राजकीय किरोड़ीलाल स्वर्णकार अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं मृतक के पिता ने नामजद लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। घटना की सूचना पर एएसपी कामां व सीओ कामां ने ग्राम अहलवाड़ी का दौरा कर घटना के सम्बंध में जानकारी लेकर जुरहरा थाना पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अहलवाड़ी में दो दिन पहले गुम हुए चार साल के बच्चे की हत्या का मामला अभी शांत नहीं हुआ है और शुक्रवार को फिर से गांव में एक और नाबालिग की हत्या ने सभी को चौंका दिया है। जुरहरा कस्बा सहित ग्रामीणांचल में ग्राम अहलवाड़ी में हुए दोनों हत्याकांडों की चर्चा आम हो गई है। शुक्रवार को कुल्हाड़ी के वार से हुई हत्या के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक के पिता शाकिर पुत्र रमजानी जाति मेव निवासी ग्राम अहलवाडी ने जुरहरा थाने में मामला दर्ज कराकर बताया कि वह व उसका भतीजा आदिल बिजली कनेक्शन की फाईल लगाकर बिजली कनेक्शन लेने व बिजली टंकी को सही कराने के बारे में बात कर रहे थे तभी गांव के ही अख्तर पुत्र कालू ने वहां आकर बेवजह उनके साथ गाली-गलौच करनी शुरू कर दी। इसके कुछ देर बाद ही अख्तर व उसके परिजन लाठी-डन्डा, कुल्हाडी एवं सरिया लेकर उनके घर आ गए। जिन्होंने घर के बाहर बैठे उसके 16 वर्षीय नाबालिग पुत्र दानिश पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें उसके सिर में गम्भीर चोट आ गई। इस दौरान आरोपी पक्ष ने पथराव भी किया जिससे उसके और भी परिजनों को चोटें आई हैं। शिकायत में बताया गया है कि गम्भीर हालत के कारण दानिश को जुरहरा चिकित्सालय से भरतपुर रैफर किया गया लेकिन भरतपुर ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड दिया।

जुरहरा थानाधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी मौके से फरार हैं जिनकी तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है। जल्द ही आरोपीयों की गिरफ्तारी की जायेगी।

इनको बनाया आरोपी- अहलवाड़ी हत्याकांड में मृतक के पिता के द्वारा पुलिस में दर्ज कराये गये मामले में अख्तर पुत्र कालू, इसलाम पुत्र कालू, जाबिदा पत्नि अख्तर, फरमान पुत्र मुस्तुफ, अरसीदा पत्नि मुसददी, सकूनत पुत्री इसलाम, असलम पुत्र भूरू, मुबीन पुत्र हमीदा, धौली पत्नि शैकुल, साहिदा पत्नि जुबेर, सहवाना पुत्री अख्तर, आईफा पुत्री मुसददी व बरफीना पत्नि मुबारिक को आरोपी बनाया गया है।

# 09601/09602 अजमेर-येलहंका-बेंगलुरु-अजमेर विशेष ट्रेन का संचालन

**यह गाड़ी कोटा मंडल के सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी एवं शामगढ़ स्टेशनों से होकर गुजरेगी**

स्मार्ट हलचल| कोटा

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा अजमेर-येलहंका- बेंगलुरु -अजमेर विशेष ट्रेन के दो-दो फेरे संचालित किए जा रहे हैं। यह विशेष गाड़ी कोटा मंडल के सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी एवं शामगढ़ स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09601 अजमेर-येलहंका विशेष ट्रेन दिनांक 20 एवं 27 दिसंबर 2025 (शनिवार) को अजमेर से 20.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा मार्ग में 01.00 बजे सवाई माधोपुर, 02.30 बजे कोटा, 03.18 बजे रामगंजमंडी, 03.38 बजे भवानीमंडी एवं 03.51 बजे शामगढ़ रुकते हुए तीसरे दिन सोमवार को 12.00 बजे येलहंका पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09602 बेंगलुरु -अजमेर विशेष ट्रेन दिनांक 22 एवं 29 दिसंबर 2025 (सोमवार) को बेंगलुरु (येलहंका) से 22.00 बजे प्रस्थान करेगी तथा मार्ग में तीसरे दिन बुधवार को 08.48 बजे शामगढ़, 09.10 बजे भवानीमंडी, 09.33 बजे रामगंजमंडी, 10.20 बजे कोटा एवं 12.15 बजे सवाई माधोपुर रुकते हुए 17.05 बजे अजमेर पहुंचेगी।

इस विशेष गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 03, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 09 तथा सामान्य श्रेणी के 06 डिब्बों सहित कुल 22 कोच होंगे।

यह गाड़ी मार्ग में अजमेर जंक्शन, किशनगढ़, जयपुर जंक्शन, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर जंक्शन, कोटा जंक्शन, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, शामगढ़, रतलाम जंक्शन, वडोदरा जंक्शन, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, कल्याण जंक्शन, लोनावला, पुणे जंक्शन, दौंड जंक्शन, कुर्डुवाड़ी जंक्शन, सोलापुर जंक्शन, कलबुरगी, वाडी जंक्शन, गुंतकल जंक्शन, ताटीचेरला, धर्मावरम जंक्शन एवं येलहंका जंक्शन स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

यात्रियों से अपील है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों के समय, ठहराव एवं अन्य विवरणों की अद्यतन जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

# 'पहाड़ियों की अवैध कटाई पर प्रशासन सख्त, नियम तोड़ने वालों पर हो कठोर कार्रवाई' - जिला कलेक्टर मेहता

**संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों–कमर्चारियों पर भी गिरेगी गाज**

**जिला कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, सर्वे कर शीघ्र रिपोर्ट देने के दिये निर्देश**

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



शहर एवं उसके आसपास स्थित पहाड़ियों पर हो रही अवैध कटाई और नियमविरुद्ध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। इस संबंध में शुक्रवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में कलेक्टर निवास पर अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने पहाड़ियों की अवैध कटाई, अवैध निर्माण तथा बिना अनुमति किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और दोषियों के खिलाफ तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर मेहता ने विभिन्न पहाड़ियों पर निर्मित सड़कों एवं अन्य संरचनाओं की स्वीकृतियों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन मामलों में नियमों का उल्लंघन हुआ है, वहां किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना वैधानिक अनुमति किए गए प्रत्येक कार्य की गहन जांच की जाए तथा संबंधित व्यक्तियों के समस्त दस्तावेजों की सूक्ष्मता से पड़ताल की जाए। उन्होंने कहा कि पहाड़ियों की कटाई एक अत्यंत संवेदनशील एवं पर्यावरण से जुड़ा विषय है। ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर न केवल संबंधित व्यक्तियों बल्कि सरकारी तंत्र में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रभावित गांवों एवं क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कर विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।

## शीघ्र सौंपे जांच रिपोर्ट

जिला कलेक्टर ने कहा कि पहाड़ियों पर हो रहे सभी प्रकार के निर्माण कार्यों की जांच की जाए और जहां भी अवैध या नियमविरुद्ध निर्माण पाए जाएं, वहां नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए, ताकि दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि सभी कार्रवाईयाँ प्रो-एनवायरमेंट दृष्टिकोण अपनाते हुए की जाएं। अवैध निर्माण एवं पहाड़ियों की अवैध कटाई किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ऐसे कृत्यों में लिप्त पाए जाने वालों की खातेदारी निरस्त करने के साथ-साथ सीजर से संबंधित राजस्व विभाग एवं उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में एसडीएम गिर्वा अवुला साई कृष्ण, यूडीए उपायुक्त सुरेंद्र बी. पाटीदार, यूडीए तहसीलदार अभिनव शर्मा, रणजीत सिंह बिट्ठू, गिर्वा तहसीलदार श्याम सिंह चारण, बड़गांव तहसीलदार हितेश त्रिवेदी, खनन विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सैनानी स्व. नंदवाना को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**कपासन।** पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सैनानी स्व. भवानी शंकर नंदवाना की पुण्यतिथि पर उनके स्मारक स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभी में प्रदेश कांग्रेस सचिव डॉ. ललित बोरीवाल ने कहा कि स्व. नंदवाना ने अपना घर फूंक कर क्षेत्र की जनता के लिए ही नहीं समूचे चित्तौड़ जिले के लिए और देश की आजादी के लिए हर समय तैयार रहते थे।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रमोद कुमार मोदी ने कहा कि चापलूसी की राजनीति को आम आदमी समझता है, ऐसे लोग कभी भी क्षेत्र का भला नहीं कर सकते हैं। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चास्टा ने कहा कि महत्वाकांक्षी बनने के बजाय क्षेत्र की जनता के हितों में काम करना ही स्व. नंदवाना को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम संयोजक सत्य प्रकाश व्यास ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा, हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सोनी, जिला कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना, पार्षद लोकेश रावए रोशन सोनी एवं कुलदीप सोनी सहित पूर्व पार्षद शिव शंकर उपाध्याय, हरलाल जटिया, राकेश बारेगामा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिसर स्थित स्व. नंदवाना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# खाद का अधिक दाम लेने पर विधायक मौके पर पहुंचे

**विक्रेता ने किसानों को लौटाई राशि अनावश्यक सामग्री**

**आकोला।** नगर में स्थित विजय लक्ष्मी खाद बीज भंडार पर पहुंचे 1994 बेग यूरिया वितरण किया जा रहा था, इस दौरान दुकानदार द्वारा निर्धारित दर से अधिक राशि लेने की शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक अर्जुन लाल जीनगर दुकान पर पहुंचे और विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर अधिक वसूली गई राशि किसानों को वापस लौटाई गई। इसके साथ ही जबरन दी गई सामग्री पुनः जमा की गई।

यूरिया खाद के लिए निर्धारित राशि से अधिक लिए जाने पर कृषि विभाग के सहायक निदेशक कपासन रामजस खटीक द्वारा डिलर विजय लक्ष्मी खाद बीज भंडार आकोला को उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत नियमानुसार कार्रवाई का नोटिस दिया। जिसका तीन दिवस में संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी यह दुकान अधिक राशि वसूलने पर सील की गई थी, लेकिन विभाग ने इसको वापस बहाल कर दिया था। निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारी ने बताया कि दोषी विक्रेताओं के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी विक्रेता किसानों का शोषण करेगा, तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया है कि खाद खरीदत पक्का बिल जरूर लें और यदि कोई दुकानदार अधिक पैसे मांगता है तो तुरंत टोल-फ्री नंबर या संबंधित अधिकारी को सूचित करें।

# कोटा देहात कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** कांग्रेस अल्पसंख्यक के कोटा देहात अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विरोध प्रदर्शन कर उसका पुतला जलाकर राष्ट्रपति महामहिम के नाम बापावर थाना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा राजस्थान काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एमडी चौपदार के निर्देशन पर कोटा कांग्रेस अल्पसंख्यक देहात अध्यक्ष असरार अहमद ने बताया कि एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा मुस्लिम महिला के हिजाब खींच कर उसके साथ छेड़छाड़ कर अपमान किया यह एक मुस्लिम ही नहीं पूरे देश की महिलाओं का अपमान किया इस घटना ने दुर्योधन की याद को ताज़ा कर दिया है जिस प्रकार दुर्योधन ने द्रौपदी का अपमान भरी सभा में किया था उसी प्रकार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा अहंकार में आकर भरे मंच पर फिर एक महिला का अपमान किया गया है जिस प्रकार कुछ समय बाद दुर्योधन का सिंहासन चला गया था उसी प्रकार आने वाले समय में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सिंहासन जरूर जाएगा जहाँ नारी का सम्मान नहीं वहा ईश्वर अपना प्रकोप जरूर भेजता है।

इसके विरोध में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ देहात ने आज बापावर कला में पुतला दहन कर पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया इस दौरान बड़ी संख्या में नौजवान व बुजुर्ग एकत्रित हुए सभी युवाओ में आक्रोश देखने को मिला कांग्रेस अल्पसंख्यक देहात अध्यक्ष असरार अहमद ने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम के अंदर डॉक्टर नुसरत परवीन का हिजाब हटाने जैसा वीडियो समाचार चैनलों में दिखाया गया था इसके विरोध में आज बापावर कला में बड़ी संख्या में समाज बंधु युवाजन एकत्रित हुए जहां पर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी कर नीतीश कुमार का पुतला जलाया गया जहां पार्टी पदाधिकारीओ ने नीतीश कुमार से माफी मांगने व इस्तीफा देने की मांग रखी ऐसा न करने पर आगामी भविष्य में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने हेतु चेतावनी दी गई यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव दुष्यंत शर्मा ने कहा यह देश रानी लक्ष्मीबाई का देश है यहां नारी को पूजा जाता है ऐसे देश में नारी का अपमान बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं हर स्तर पर इसकी पुरजोर विरोध व खंडन किया जाएगा विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन मे मुख्य रूप से कार्यक्रम में बपावर इमाम साहब काजी साबिर हुसैन अब्दुल गय्युम हाजी मकसूद शहादत मुलतानी अशरफ पठान सलीम अंसारी सद्दाम हुसैन मुजम्मिल अंसारी इब्राहिम मेवाती सज्जाद हुसैन रईस भाई पेंटर अल्ताफ अंसारी रिसालत हुसैन हाजी आबिद ख्वाजा बख्श हुसैन क़ुबुद्दीन अंसारी इरफान टेलर आरिफ दानिश खान तारिक पठान जलाल मिर्ज़ा हख नवाज कल्लू पेन्टर राजा अंसारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com